# जबलपुर जनपक्ष

संस्थापक : स्व. श्री राजेन्द्र अग्रवाल

email- janpaksh.info@gmail.com | वर्ष : 31 अंक : 22 | जबलपुर,मंगलवार 18 मार्च 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रु। | R.N.I. No. 61973/95


# चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र की मंजूरी



## चंद्रमा की सतह की स्टडी के लिए 250 किमी का रोवर ले जाएगा

**बेंगलुरु,17 मार्च (एजेंसी)।** **इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष वी नारायणन ने रविवार को बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। वे बेंगलुरु में इसरो चीफ का पदभार संभालने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।**

उन्होंने बताया कि अभी तीन दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। इसमें जापान हमारा सहयोगी होगा। चंद्रयान-3 मिशन के लिए 25 किलोग्राम का रोवर (प्रज्ञान) ले जाया गया था, जबकि चंद्रयान-5 मिशन चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम वजनी रोवर ले जाएगा। आगे के प्रोजेक्ट के बारे में नारायणन ने कहा- 2027 में लॉन्च होने वाले चंद्रयान-4 मिशन का मकसद चंद्रमा की मिट्टी के नमूने लाना है। वहीं, गगनयान सहित कई मिशनों के अलावा अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजनाओं पर काम चल रहा है।

### सितंबर, 2024 में मिली थी चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी

कैबिनेट ने पिछले साल सितंबर में चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दी थी। इस मिशन का उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट को चंद्रमा पर उतारना, चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के सैंपल इकट्ठा करना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। इस मिशन पर 2104 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस स्पेसक्राफ्ट में पांच अलग-अलग मॉड्यूल होंगे। जबकि, 2023 में चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 में प्रप्लशन मॉड्यूल (इंजन), लैंडर और रोवर तीन मॉड्यूल थे। चंद्रयान-4 के स्टैक 1 में लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए एसेंडर मॉड्यूल और सतह पर लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए डिसेंडर मॉड्यूल होगा। स्टैक 2 में थ्रस्ट के लिए एक प्रपल्शन मॉड्यूल, सैंपल होल्ड के लिए ट्रांसफर मॉड्यूल और सैंपल को पृथ्वी पर लाने के लिए री-एंट्री मॉड्यूल शामिल रहेगा। मिशन में दो अलग-अलग रॉकेट का इस्तेमाल होगा।

## बॉम्बे हाई कोर्ट से गौतम अडानी को क्लीनचिट



**नई दिल्ली,17 मार्च (एजेंसी)।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी और उनके भाई राजेश अडानी को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए अदालत ने उन्हें अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर में कथित हेर-फेर कर 388 करोड़ रुपये के मार्केट रेगुलेशन वॉयलेशन के मामले में बरी कर दिया है। बॉम्बे हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद एक दशक से ज्यादा समय से चल रही लंबी कानून लड़ाई खत्म हुई है। यह मामला 2012 का है, जब सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टीगेशन ऑफिस ने अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके प्रमोटरों के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए चार्जशीट फाइल की थी। ये कथिक वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी हुई थी। इस चार्जशीट में गौतम अडानी और उनके भाई राजेश अडानी समेत 12 लोगों को नामजद किया गया था।

## कुपवाड़ा में एक आतंकी ढेर

**नई दिल्ली,17 मार्च (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे खुरमोरा राजवार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया और कुछ आतंकी घेराबंदी तोडक़र भागने में कामयाब रहे। भाग निकले आतंकियों को पकडऩे के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। एक सैनिक के घायल होने की सूचना है। अधिकारियों ने यहां बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सुबह से जारी मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है उसके पास से एक असॉल्ट राइफल भी मिली है।

## 8.47 करोड़ रुपए का सोना पकड़ाया

**मुंबई,17 मार्च (एजेंसी)।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने 10 किलो सोना जब्त किया है। इसकी मार्केट वैल्यू 8.47 करोड़ रुपए है। एयरपोर्ट के तीन निजी स्टाफ को गिरफ्तार किया गया है। एयरपोर्ट स्टाफ अपने अंडर गारमेंट्स में ये सोना छिपाकर एयरपोर्ट से बाहर ले जाना चाहते थे। कस्टम विभाग ने 13 से 15 मार्च के बीच ये जब्तियां की हैं। सोमवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई। पहली जब्ती में एयरपोर्ट के निजी स्टाफ के पैंट की जेब से 6 कैप्सूल मिले। इनमें 2.8 किलो के 24 कैरेट सोने का पाउडर भरा हुआ था। इसकी बाजार कीमत 2.27 करोड़ रुपए आंकी गई है।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच अहम समझौते

## आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली,17 मार्च (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा और सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के साथ ही दोनों देशों ने आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ मिलकर काम करने पर सहमति जताई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन को उनके देश में कुछ गैरकानूनी तत्वों के भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दिए जाने पर अपनी चिंता से अवगत कराया। पीएम मोदी ने भारत दौरे पर आए लक्सन के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने व्यापार, रक्षा, शिक्षा और कृषि के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विस्तृत वाताज़् की। दोनों देशों ने शिक्षा, खेल, कृषि और जलवायु परिवतज़्न सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए और रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार करने का फैसला किया। लक्सन के साथ संयुक्त प्रेस वाताज़् में पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने रक्षा एवं



सुरक्षा साझेदारी को मजबूत एवं संस्थागत बनाने का फैसला लिया है। संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह यात्राओं के साथ-साथ रक्षा उद्योग में भी आपसी सहयोग के लिए एक रोडमैप बनाया जाएगा। दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित समझौतों में भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोडज़् (सीबीआईसी) और न्यूजीलैंड की सीमा शुल्क सेवा के बीच पारस्परिक मान्यता समझौते पर एक समझौता शामिल है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि रक्षा समझौता समग्र रक्षा संबंधों को और मजबूत करेगा। समुद्री सुरक्षा के संदभज़् में, न्यूजीलैंड ने भारत के संयुक्त समुद्री बलों में शामिल होने का स्वागत किया।

### आतंकी हमलों के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि हम दोनों आतंकवाद के खिलाफ एकमत हैं। चाहे वह 15 माचज़् 2019 का क्राइस्टचचज़् आतंकी हमला हो या 26 नवंबर 2008 का मुंबई हमला, किसी भी रूप में आतंकवाद अस्वीकायज़् है। आतंकवादी हमलों के दोषियों के खिलाफ सख्त कारज़्वाई जरूरी है। हम आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस संदभज़् में हमने न्यूजीलैंड में कुछ गैरकानूनी तत्वों के भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में अपनी चिंता साझा की। भारत को विश्वास है कि उसे इन सभी गैरकानूनी तत्वों के खिलाफ न्यूजीलैंड सरकार से सहयोग मिलता रहेगा। संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने सभी देशों की ओर से संयुक्त राष्ट्र से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और व्यक्तियों के खिलाफतत्काल, निरंतर और ठोस कारज़्वाई करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवकज़् और सुरक्षित पनाहगाहों को नष्ट करने, ऑनलाइन सहित आतंकी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवाद के अपराधियों को शीघ्र न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

### स्वतंत्र व सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हिमायती

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समथज़्न करते हैं। हम विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकास की नीति में विश्वास करते हैं। पीएम की टिप्पणी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के विस्तारवादी कदम पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई है। संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समथज़्न करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई, जहां संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाता है।
दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने संतुलित, महत्वाकांक्षी, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वाताज़् शुरू करने का स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि इससे इससे आपसी व्यापार और निवेश की संभावना बढ़ेगी। डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

### बजट में लाडो लक्ष्मी योजना का हुआ ऐलान

# हरियाणा की महिलाओं को जल्द मिलेंगे 2100



**नई दिल्ली,17 मार्च (एजेंसी)।** हरियाणा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए लाडो लक्ष्मी योजना के बजट की घोषणा कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।हरियाणा के वित्त मंत्री ने बताया कि इस योजना को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 5,000 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जो महिलाओं को उनके दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। मंत्री ने बजट भाषण के दौरान बताया कि मैं वर्ष 2024-25 के लिए संशोधित अनुमान 12,975.81 करोड़ रुपये को 28.3 प्रतिशत बढ़ाकर वर्ष 2025-26 के लिए 16,650.78 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव करता हूं।

### महिलाओं को मिलेगी मासिक मदद

इस योजना को बीजेपी ने 2024 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल किया था, जिसमें हर महिला के लिए मासिक वजीफा का प्रावधान था।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली,17 मार्च (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सोमवार को मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इसमें ढ्ढरूढ्ढरू प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। ओवैसी ने कहा कि हम इस बिल का विरोध करते हैं। बिल में प्रावधान है कि कल कोई यह कहता है कि यह मस्जिद नहीं है और कलेक्टर जांच बैठा देते हैं तो जांच पूरी होने तक मस्जिद हमारी संपत्ति नहीं होगी। वक्फ बिल को मौजूदा बजट सत्र में लाया जा सकता है। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 का मकसद डिजिटलीकरण, बेहतर ऑडिट, बेहतर पारदर्शिता और अवैध रूप से कब्जे वाली संपत्तियों को वापस लेने के लिए कानूनी सिस्टम में सुधारों को लाकर इन चुनौतियों को हल करना है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने बताया कि संयुक्त संसदीय समिति को करीब 5 करोड़ मुसलमानों ने ई-मेल के माध्यम से अपनी राय बताई, लेकिन सबकुछ नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने इस बात को दोहराया कि यह विधेयक पारित हुआ तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरने में तेलुगु देशम पार्टी (ञ्जष्ठक्क) और जनता दल (यू) जैसे भाजपा के सहयोगी दलों को न्योता नहीं दिया गया है। पर्सनल लॉ बोर्ड पहले 13 मार्च को धरना देने वाला था। उस दिन संसद में संभावित छुट्?टी के चलते कई सांसदों ने अपनी उपस्थिति को लेकर असमर्थता जताई, जिसके बाद कार्यक्रम में बदलाव किया गया। वक्फ बिल के संशोधन के लिए जेपीसी के चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि अगर वे वक्फ संशोधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं, तो कहीं न कहीं वे देश के लोगों में नफरत पैदा करने और संसद के कानून बनाने के अधिकार को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। वे लोगों को भ्रमित करने और मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

# बाबा सिद्दीकी का हत्यारा अजरबैजान में छिपा

**जालंधर,17 मार्च (एजेंसी)।** मुंबई में एनसीपी(अजित गुट) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और पंजाब के जालंधर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड फिंकवाने के मुख्य आरोपियों में से एक जीशान अख्तर उर्फ जैसी पूरेवाल अजरबैजान में है। पंजाब पुलिस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, जीशान की आखिरी लोकेशन पूर्वी यूरोप और एशिया के बीच स्थित देश अजरबैजान में ट्रैक की गई है। जीशान को यहां पहुंचाने में पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी का हाथ है। इस बात का खुलासा खुद भट्टी और जीशान ने अलग-अलग वीडियो जारी कर किया था। हालांकि, तब यह क्लियर नहीं था कि जीशान किस देश में है। सूत्रों के अनुसार, जीशान अब अजरबैजान से भी जल्द निकलने की तैयारी में है। इस बार उसकी मदद भट्टी नहीं, बल्कि खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासियां करेगा। हालांकि, पासियां भी पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी के लिंक से ही जीशान को अजरबैजान से निकालकर किसी दूसरे देश में पहुंचाएगा।



# वरिष्ठ आईपीएस मनीष शंकर शर्मा का निधन

**भोपाल,17 मार्च (जनपक्ष)।** वरिष्ठ आईपीएस मनीष शंकर शर्मा का रविवार देर रात दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। श्री मनीष शंकर शर्मा भारतीय पुलिस सेवा में 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। उन्होंने मध्य प्रदेश शासन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वर्ष 1997-1998 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत बोस्निया और हर्जेगोविना में सेवाएं दीं, जहां उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा, वे सुरक्षा निदेशक (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) और टी-बोर्ड ऑफ इंडिया के निदेशक भी रहे।मनीष शंकर शर्मा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त थी। उन्हें अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के सैन डिएगो शहर में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।सैन डिएगो के महापौर केविन एल. फॉकनर ने 20 जुलाई को उन्हें सम्मानित करते हुए इस दिन को हर साल 'मनीष शंकर शर्मा दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। उन्हें यूएस हाउस ऑफ रिप्रिजेंटेटिव्स का सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल कांग्रेसनल रिकग्निशन भी प्रदान किया गया था।मनीष शंकर शर्मा ने इंदौर के डेली कॉलेज से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ पिलानी से एमबीए किया था। उन्होंने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल सिक्योरिटी, काउंटर टेररिज्म एंड पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त की। अपने 31 वर्ष के कैरियर में उन्होंने दुनिया के चार महाद्वीपों में सेवाएं दीं।वैश्विक आतंकवाद पर लिखी गई पुस्तक 'ग्लोबल टेररिज्म-चैलेंजेस एंड पॉलिसी ऑप्शंस' में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस पुस्तक में योगदान देने वाले वे एकमात्र भारतीय लेखक थे।



मनीष शंकर शर्मा के पिता श्री कृपा शंकर शर्मा मध्य प्रदेश सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। उनके चाचा डॉ. सीताशरण शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। मूल रूप से नर्मदापुरम(होशंगाबाद) के रहने वाले श्री मनीष शंकर शर्मा ने मध्य प्रदेश के रायसेन, सतना, छिंदवाड़ा और खंडवा जिलों में एसपी के रूप में भी कार्य किया है।वर्तमान में वे पुलिस महानिदेशक(रेल) के पद पर कार्यरत थे।सोमवार को भोपाल में भदभदा मोक्षधाम में उन्हें गरिमापूर्ण अंतिम विदाई दी गई जिसमें सभी वर्गों के लोग उपस्थित थे।विनम्र श्रद्धांजलि।

**प्रदेश**

## मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा,आज उल्लेखनीय दिन है

# कूनो के जंगल में बढ़ गया चीतों का कुनबा

**श्योपुर,17 मार्च (एजेंसी)।** कूनो के खुले जंगल में चीतों का कुनबा बढ़ता जा रहा है। सोमवार को दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी और उसके 4 शावकों को खुले जंगल में छोड़ा गया। जिससे खुले जंगल में चीतों की संख्या बढक़र 17 हो गई। अब बाड़े से ज्यादा चीते खुले जंगल में हो गए हैं, इसलिए सफारी के दौरान पर्यटकों को चीतों के दीदार आसानी से होंगे। इससे पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स एकाउंट पर पोस्ट शेयर कर कहा कि आज का दिन चीता प्रोजेक्ट के लिए उल्लेखनीय दिन है।

बता दें कि, दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी ने 10 मार्च 2024 को छह शावकों को जन्म दिया था, लेकिन बाद में दो शावकों की मौत हो गई। तब से गामिनी और उसके चार शावक बाडे में बंद थे। सोमवार को कूनो प्रबंधन ने गामिनी और उसके चार शावकों जिनमें 2 नर और 2 मादा हैं, इनकी उम्र 12 महीने है को सफलतापूर्वक कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में खजूरी वन क्षेत्र में छोड़ा गया है। मां और चारों शावक स्वस्थ हैं। खजूरी वन क्षेत्र अहेरा पर्यटन जोन का हिस्सा है। अब पर्यटन क्षेत्र में चीतों की उपस्थिति के कारण पर्यटकों को सफारी यात्रा के दौरान चीता देखने का अवसर मिल सकता है। वन विभाग ने गामिनी और उसके शावकों को कालर आईडी पहनाई इससे खुले जंगल में उनकी निगरानी की जा सकेगी।



### पर्यटक यहां से देख सकते हैं चीतों को

टिकटोली गेट से प्रवेश करने के बाद, पर्यटक चीतों का करीब से दीदार कर सकते हैं। क्योंकि ज्वाला और उसके उसके शावक, आशा, धीरा और आशा के शावकों को खजूरी वन क्षेत्र में छोड़ा गया था। ये वन क्षेत्र टिकटोली गेट के नजदकी हैं। सिर्फ अग्नि और वायु को पीपलवाड़ी गेट पर छोड़ा गया है। अब गामिनी और उसके शावकों को भी इसी क्षेत्र में छोड़ा गया है अधिक चीते इस एरिये में ही घूम रहे हैं। इसलिए पर्यवकों को चीते आसानी से दिखाई दे सकते हैं। अभी जिन पर्यटकों को चीते दिखे हैं वह क्षेत्र में दिखाई दिए हैं। टिकटोली इलाके में वन्यजीव, नदी, झरने और आकर्षक नजारे हैं, इसलिए पर्यटक भी इधर घूमना ज्यादा पंसद करते हैं।

### अब खुले जंगल में आजाद घूम रहे 17 चीते

4 दिसंबर 2024 को अग्नी और वायु और खुले जंगल में छोड़ा गया था। इसके बाद 5 फरवरी को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आशा, धीरा और आशा के तीन शावकों को खुले में छोड़ा था। 21 फरवरी को ज्वाला और उसके चार शावकों को खुले जंगल में छोड़ा गया था। वहीं 17 मार्च 2025 को मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को खुले जंगल में छोड़ा गया है जिसमें दो नर और मादा है। अब खुले जंगल में 6 व्यस्क और 11 शावक कुल 17 चीते आजाद घूम रहे हैं।

# दिल्ली में मनचलों को सबक सिखाएगा शिष्टाचार स्क्वाड


**नई दिल्ली,17 मार्च (एजेंसी)।** दिल्ली में यूपी के एंटी रोमियो स्क्वाड की तर्ज पर ईव टीजिंग स्क्वाड बनेगा। इसका नाम शिष्टाचार स्क्वाड होगा। दिल्ली के हर जिले में 2 स्क्वाड होंगे। एएसपी, क्राइम अगेंस्ट वूमेन इन स्क्वाड के हेड होंगे। दिल्ली में बनने वाले ईव टीजिंग स्क्वाड में एक इंस्पेक्टर, एक सब इंस्पेक्टर, 8 कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल होंगे। जिनमें 4 महिला पुलिसकर्मी होंगी। इसके साथ ही स्पेशल यूनिट से एक पुलिसकर्मी तकनीकी सहायता के लिए साथ में रहेगा। इलाकों में गश्त करने के लिए स्क्वाड के पास कार और दोपहिया वाहन भी रहेंगे। सभी संवेदनशील इलाकों में स्क्वाड की तैनाती होगी। स्क्वाड में तैनात पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में तैनात रहेंगे।स्क्वाड पब्लिक ट्रांसपोर्ट में औचक निरीक्षण करेगा, डीटीसी चालकों, कंडक्टरों और यात्रियों बातचीत करेगा। और पीड़ितों को शिकायत देने के लिए मोटिवेट करेंगे। स्क्वाड के जवान आरडब्ल्यूए और



लोकल वालंटियर के टच (संपर्क) में भी रहेंगे, जिससे कि संवेदनशील जगहों की जानकारी मिलती रहे।इसके अलावा स्क्वाड हर हफ्ते जो भी ड्राइव करेगा, उसकी रिपोर्ट सीनियर अफसरों को देनी होगी। साथ ही शिष्टाचार स्क्वाड के परिचालन और प्रभाव को बढ़ाने के लिए दिल्ली पुलिस अकादमी ने सभी तैनात कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए हैं। डीसीपी (जिला) को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी स्क्वाड के सदस्य इस संरचित प्रशिक्षण से गुजरना होगा। साथ ही शिष्टाचार स्क्वाड के परिचालन और प्रभाव को बढ़ाने के लिए दिल्ली पुलिस अकादमी ने सभी तैनात कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए हैं।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रोत्साहन से प्रदेश में मिलेगा फुटबाल को बढ़ावा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा की। पॉडकास्ट में पीएम श्री मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है। वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम श्री मोदी ने कहा कि हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मध्यप्रदेश एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं वहां ट्राइबल महिलाएं स्व-सहायता समूह चलाती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहडोल यात्रा में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के प्रणेता खिलाड़ियों से मिलकर चर्चा की और उनका उत्साह बढ़ाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि मैं उनसे बातचीत कर रहा था। शहडोल में देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से 100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे। मैं उनके पास गया, उनसे पूछा कि आप लोग कहां से हैं जवाब मिला, हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूछा कि मिनी ब्राजील क्या है तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी ब्राजील कहते हैं। मैंने फिर पूछा कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में चार पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते



## प्रधानमंत्री ने अमेरिकन पॉडकास्ट में बताया शहडोल में बसा है मिनी ब्राजील

## शहडोल के मिनी ब्राजील की गूंज अमेरिका तक

## प्रधानमंत्री ने शहडोल दौरे को किया याद, कहा चार पीढ़ियों से लोग खेल रहे फुटबाल

आ रहे हैं। गाँव से 80 से अधिक नेशनल प्लेयर निकले हैं। पूरा गाँव फुटबॉल को समर्पित है और वो कहते हैं कि हमारे गांव का इंडिविजुअल मैच जब होता है, तो 20 से 25 हजार दर्शक तो आसपास के गांव से ही आ जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत में फुटबॉल का क्रेज इन दिनों बढ़ रहा है, मैं उसके लिए शहडोल के मिनी ब्राजील को शुभ संकेत मानता हूं। इससे टीम स्पिरिट पैदा होती है।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रोत्साहन के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहडोल ही नहीं पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में फुटबाल को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हमारी खेल अकादमियों के खिलाड़ियों राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

**पूर्व कमिश्नर श्री शर्मा ने भी किया प्रोत्साहित-** शहडोल संभाग में फुटबाल को प्रोत्साहित करने के लिए शहडोल संभाग के पूर्व कमिश्नर श्री राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किये गए है। इसके अपेक्षित परिणाम मिल रहे हैं। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर गांव सहित शहडोल संभाग के लगभग सभी गांवों में फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है तथा फुटबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**मन की बात में भी हो चुका है जिक्र -** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्व में भी मन की बात कार्यक्रम में भी शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के संबंध में चर्चा की जा चुकी है, जिससे शहडोल संभाग के फुटबाल खिलाड़ियों में नया उत्साहवर्धन हुआ है।

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न



**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि 18 वर्ष पूर्ण होने पर प्रारूप फॉर्म 06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें।

फॉर्म-6 नये मतदाता प्रारूप-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं, जिसके लिए आयोग ने कुछ एप्लीकेशन या पोर्टल जैसे वोटर सर्विस पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन, ऐसे मतदाता एप्लीकेशन या पोर्टल का उपयोग नहीं कर सकते वे बी.एल.ओ. से संपर्क करके अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। बैठक में फॉर्म-7 के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि ऐसे मतदाता जिनकी मृत्य, परमानेंट शिफ्ट एवं दोहरी प्रविष्टि हो जाने के कारण फॉर्म-7 के माध्यम से नाम निरसन किये जाते हैं। ऐसे मतदाता जो एक स्थान से दूसरे स्थान में स्थानांतरित होते है वह अपना नाम निरसन न करा कर फॉर्म 8 शिफ्टिंग के द्वारा दूसरे स्थान पर अपना नाम स्थानांतरित कर सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता परिचय पत्र में मतदाता अपना नाम, सरनेम, जन्मतिथि, जेण्डर, रिलेशन का प्रकार एवं नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं पता का सुधार कर सकते हैं। बैठक में रिप्लेसमेंट कार्ड व पी.डब्ल्यू.डी. मार्किंग के बारे में भी बताया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से श्री अभय सिंह, श्री ओम दुबे, श्री प्रणय दुबे, श्री ब्रजेश दुबे, इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री श्यामसुन्दर सिंह यादव, आम आदमी पार्टी से श्री आदेश दुबे, बहुजन समाज पार्टी से श्री गौरव वंशकार, श्री लक्ष्मण समुंद्रे सहित अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गौंड, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धीरेन्द्र सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न



**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। अपर कलेक्टर सुश्री सिंह ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित विभागों से कहा कि वे खनिज रॉयल्टी शीघ्र जमा करें। मायनिंग विभाग इसके फालोअप करते रहे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

## चीतों की बढ़ती संख्या से, चंबल क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहन: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन प्रदेश के चीता प्रोजेक्ट और वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। श्योपुर स्थित राष्ट्रीय कूनो उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को बाड़े



से मुक्त कर राष्ट्रीय उद्यान में स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैव विविधता की दृष्टि से, दक्षिण अफ्रीका से प्रदेश की धरती पर चीतों का पुनर्वास, देश ही नहीं अपितु एशिया महाद्वीप का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इस इंटरकांटिनेंटल प्रोजेक्ट के लिए कूनो (श्योपुर) का चयन, प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रदेश के वन विभाग के अमले की लगन और अथक परिश्रम से इस व्यापक परियोजना का सफल क्रियान्वयन संभव हो पाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। इससे पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और चंबल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था समग्र रूप से सशक्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया टॉपर्स की डायरी जीत के राज पुस्तक का विमोचन

***जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।*** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में डॉ. कनिका शर्मा की पुस्तक टॉपर्स की डायरी जीत के राज का विमोचन किया। इस अवसर पर श्री गौरव शर्मा, श्री सुनील शर्मा और परिजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुस्तक की विषय-वस्तु की सराहना की। यह पुस्तक विशेष रूप से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने, परीक्षाओं के भय को समाप्त करने और सकारात्मक मानसिकता, व्यवस्थित दिनचर्या, बेहतर खान-पान और पोषण का ध्यान रखने, लेखन क्षमता में सुधार, भाषा की शुद्धता और भविष्य की योजना बनाकर कार्य करने जैसे पहलुओं पर मार्गदर्शन देती है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिला निवासी श्रीमती बिसरो बाई परते पत्नी स्व. हीरन सिंह परते को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। गत 9 मार्च को मंडला जिले की बिछिया तहसील के ग्राम खटिया के निवासी श्री हीरन सिंह परते की मृत्यु के संदर्भ में यह सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर मंडला द्वारा इस घटना की न्यायिक जाँच के आदेश भी दिए गए हैं।

## कलेक्टर श्री सक्सेना ने पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपकर कहा कि पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनायें। पुस्तक मेला के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि यह मेला 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में शनिवार और रविवार को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं शेष दिवसों में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने मेले की संपूर्ण व्यवस्था के लिये जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। टेंट व पंडाल व्यवस्था के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएटीसीसी श्री हेमंत सिंह को, मेला स्थल का लेआउट व स्टॉल के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री शिवेन्द्र सिंह को, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग श्री एनएस रघुवंशी और सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री मनीष सेठ को दायित्व सौंपे है। इसी प्रकार डाइट प्राचार्य श्री सुधीर उपाध्याय व डीपीसी श्री योगेश शर्मा को पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर उनके सेट बनवाने एवं बुक बैंक की समस्त जिम्मेदारी तथा एनसीईआरटी की पुस्तकों को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने के लिये, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री विनीत रजक को दुकानदारों से समन्वय एवं कैरियर काउंसलिंग कराने, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री आशीष दीक्षित को स्वयं सेवी संगठनों से समन्वय करने के निर्देश दिये हैं। एसडीएम अधारताल और श्री पंकज मिश्रा को मेला स्थल की संपूर्ण साफ-सफाई, मैदान का समतलीकरण, मंच एवं कंट्रोल रूम की संपूर्ण व्यवस्था, आस्थाई टॉयलेट व मेला स्थल पर स्वच्छ पानी की व्यवस्था कराने का नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा उनके सहयोगी अपर आयुक्त नगर पालिक निगम श्री आरपी मिश्रा होंगे। प्रोटोकॉल की समस्त व्यवस्थाओं के लिये जिला सत्कार अधिकारी श्री ऋषभ जैन को दायित्व सौंपा गया है।

मेला स्थल पर दुकानों की 24 घंटे सुरक्षा की जिम्मेदारी, यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को एवं मंच व्यवस्था सभी अशासकीय विद्यालयों से समन्वय, पुस्तक विक्रेता, प्रकाशकों से समन्वय व शिकायतों के निराकरण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी का दायित्व सौपा गया है। पुस्तक मेला की आय-व्यय के संपूर्ण लेखा रखने के लिये जिला कोषालय अधिकारी सुश्री विनायिका लकरा, मेले में संचालित हेल्प डेस्क एवं समस्त तकनीकी कार्य के लिये जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस श्री चित्रांशु त्रिपाठी तथा मेले स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था एवं फुड स्टॉल पर विक्रय होने वाली खाद्य साम्रगी की जांच के लिये सीएमएचओ एवं जिला खाद्य अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।

## सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें : सीईओ जिला पंचायत श्री गहलोत

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिसमें उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम



हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अभी दो-तीन दिन प्रकरणों के निराकरण तत्परता से करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल स्मार्ट सिटी के नवनिर्मित आवासों का 18 मार्च को करेंगे लोकार्पण

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 मार्च मंगलवार को शाम 5 बजे भोपाल स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन के नवनिर्मित शासकीय आवासों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण समारोह टीटी नगर में होटल पलाश के सामने आयोजित होगा। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने 364 जी टाईप आवास का निर्माण किया है। इन आवासों के निर्माण की लागत 116 करोड़ 26 लाख रूपये है। इन आवासों का निर्माण 3 टॉवरों में किया गया है। प्रत्येक टॉवर 13 मंजिल के हैं। जिन आवासों का लोकार्पण होगा वे प्रथम चरण में बनाये गये हैं। परिसर में कुल 700 शासकीय आवासों का निर्माण किया जाना है। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित हो रही है।

# सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ किए जाएं प्रारंभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव


## शहरों और ग्रामों में नागरिकों के लिए सुनिश्चित करें पीने के पानी का प्रबंध – मुख्यमंत्री ने पेयजल प्रबंधों की जानकारी लेकर दिए निर्देश

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर राहगीरों के लिए भी पीने के पानी का प्रबंध किया जाए। शहरों में प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल की उपलब्धता, पानी की टंकियों की स्वच्छता और व्यवस्थित पेयजल वितरण जैसे कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हों। ग्रामों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी को लाभान्वित किया जाए। हर घर में टोंटी से जल पहुंचाने के कार्य पूर्ण किए जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकाय मिलकर नागरिकों के लिए समाधान की कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई एक बैठक में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीमती संपतिया उइके, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष अभियान में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल प्रबंध के कार्य भी सम्पन्न किए जाएं। अन्य ग्रामों में एकल ग्राम नल-जल योजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल घोषित ग्रामों में पेयजल की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल प्रदाय के साथ ही स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का भी संचालन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और कृषि विभाग के अमले का सहयोग भी पेयजल प्रदाय में प्राप्त किया जाए। पंचायतों के पदाधिकारी और शहरों में नगरीय निकायों के अमले द्वारा पेयजल प्रदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेयजल के साथ स्वच्छता के कार्यों को पूर्ण कर प्रदेश को, देश में मॉडल बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सक्रिय भूमिका की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करने की योजना का क्रियान्वयन भी प्रदेश में किया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रारंभ होने से लेकर अब तक 62 लाख 71 हजार 124 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। यह प्रदेश के कुल घरों एक करोड़ 11 लाख 80 हजार 901 का 63.81 प्रतिशत है। दिनांक 16 मार्च 2025 की स्थिति में प्रदेश के 76 लाख 24 हजार 275 घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, यह उपलब्धि 68.19 प्रतिशत है। प्रदेश में 147 समूह नल जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से 23 हजार 164 ग्राम और 27 हजार 990 ग्राम, एकल ग्राम नल जल योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपम्पों का संधारण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और नल जल योजनाओं का संचालन संधारण संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश में 5 लाख 62 हजार 776 हैंडपम्प पेयजल प्रदाय में सहयोगी हैं।

## सुधार कार्य की वजह से 25 मार्च से 30 जून तक बंद रहेगी बरगी बांध की दायीं तट नहर

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** अपर नर्मदा परियोजना, जबलपुर (बरगी बांध) की दायीं तट मुख्य नहर इसके एक हिस्से में सुधार कार्य किये जाने की वजह से 25 मार्च से 30 जून तक पूर्णतः बंद रहेगी।



कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-चार प्रदीप कुमार जैन के अनुसार वर्तमान में दांयी तट मुख्य नहर की आर डी (रिड्यूस्ड डिस्टेंस) 25 किलोमीटर से आर डी 31 किलोमीटर के मध्य नहर की स्थिति में सुधार किया जाना है। उन्होंने बताया कि दांयी तट मुख्य नहर से जिले के कमाण्ड क्षेत्र की तहसील जबलपुर, पनागर, सिहोरा एवं कटनी में माह जुलाई से खरीफ सिंचाई के लिए किसानों द्वारा वृहद स्तर पर पानी की मांग की जाती है तथा माह नवम्बर से रबी सिंचाई हेतु मुख्य नहर में पूरी क्षमता से पानी प्रवाहित किया जाता है। इसलिये खरीफ सिंचाई के पूर्व दायीं तट मुख्य नहर के आर डी 25 किलोमीटर से आर डी 31 किलोमीटर के बीच सुधार कार्य अति आवश्यक है। इस वजह से विभागीय अधिकारियों द्वारा दायीं तट मुख्य नहर को पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है। कार्यपालन यंत्री के मुताबिक सुधार कार्य के लिये दायीं तट मुख्य नहर को 25 मार्च से 30 जून तक पूर्ण रूप से बंद किये जाने की वजह से ग्रीष्म काल में नगर निगम जबलपुर, नगर पंचायत बरेला एवं अन्य निकायों को पानी देना संभव नहीं हो सकेगा। उन्होंने सुधार कार्य समय-सीमा में पूरा हो सके इसके लिये सभी हितधारकों से दायीं तट मुख्य नहर को पूर्ण रूप से बंद रखने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।




## जिला स्तरीय वृहद् कॅरियर अवसर व रोजगार मेला संपन्न

**जबलपुर,17मार्च (जनपक्ष)।** प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, शासकीय एम.एच. होमसाइंस महाविद्यालय एवं शासकीय श्याम सुंदर महाविद्यालय सिहोरा में आज सोमवार को युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय वृहद् कॅरियर अवसर मेला आयोजित किया गया।

जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संभागीय आईटीआई जबलपुर एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेला में विभिन्न कंपनियों द्वारा 200 आवेदकों का चयन कर ऑफर लैटर प्रदान किए गए। मेले में लगभग 1225 युवाओं द्वारा अपना पंजीयन कराया गया। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री रविकिरण साहू के मुख्य आतिथ्य में महाकौशल महाविद्यालय में आयोजित करियर अवसर मेला का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। मुख्य अतिथि श्री साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर, रोजगार प्राप्त करें या स्वरोजगार स्थापित कर दूसरों को रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाये। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री आशीष राव ने मेले के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.आर.के.गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशानुसार इस प्रकार के कार्यक्रम किये जा रहे है। जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी मिल रही है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी एवं मेला संयोजक डॉ अरुण शुक्ल ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति उकास द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन उपसंचालक रोजगार श्री एम.एस.मरकाम ने किया गया। करियर अवसर मेला में आईटीआई प्राचार्य श्री सुनील लालावत सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।




जकार्ता में गंबीर एक्सपो में एक दूसरे पर रंग लगाकर होली मनाते हुए लोग।

# कल शाम को धरती पर उतरेगा सुनीता विलियम्स का स्पलैशडाउन

**वॉशिंगटन,17मार्च ( एजेंसी )।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पिछले नौ महीने से ज्यादा समय से फंसीं सुनीता विलियम्स की वापसी को लेकर अच्छी खबर आ गई है। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने रविवार को बताया है कि सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर 18 मार्च की शाम को धरती पर वापस लौटेंगे। नासा ने रविवार शाम को एक बयान जारी कर बताया है कि क्रू-10 का समुद्री स्पलैशडाउन मंगलवार शाम लगभग 5:57 बजे होगा। यानी सुनीता विलियम्स भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3:30 बजे धरती पर वापस लौटेंगी। बता दें कि इससे पहले उनकी वापसी के लिए बुधवार का समय तय किया गया था। हालांकि मौसम का जायजा लेने के बाद इसे पहले निर्धारित कर दिया गया है। नासा ने बताया है कि स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

नासा ने अपने बयान में कहा है कि वह एजेंसी के स्पेसएक्स क्रू-9 की आईएसएस से धरती पर वापसी का लाइव टेलीकास्ट करेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत 17 मार्च सोमवार को रात 10:45 बजे यानी भारत में 18 मार्च को सुबह 8:30 बजे से शुरू होगी। इसकी शुरुआत ड्रैगन अंतरिक्ष यान हैच क्लोजर की तैयारियों से होगी। सुनीता और बुच विल्मोर के साथ उन्हें लाने के लिए क्रू रवाना हुए निक हेग और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोरबुनोव भी ड्रैगन कैप्सूल पर वापस आएंगे। इससे पहले रविवार को उन्हें धरती

## अंतरिक्ष स्टेशन पर सुनीता विलियम्स का हुआ एलियंस से सामना



पर वापस लाने के लिए स्पेसएक्स का स्पेस क्राफ्ट क्रू-10 दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचा था। इसके बाद भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स की घर वापसी का रास्ता खुल गया था।

**महज सात दिन का था मिशन** - सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर पर सवार होकर अंतरिक्ष पहुंचे थे। यह मिशन महज एक सप्ताह का होने वाला था। हालांकि अंतरिक्ष यान में आई खराबी की वजह से उनकी वापसी टल गई। इस बीच सुनीता विलियम्स की स्वास्थ्य को लेकर भी कई तरह की चिंताएं सामने आई थीं। हालांकि अब वह सकुशल धरती पर लौट रही हैं।

आईएसएस ने इसका एक वीडियो फुटेज जारी किया है। इसमें देखा जा सकता है कि हेग ने अपने चेहरे पर एलियन का मास्क लगा रखा है। वह सुनीता विलियम्स और विलमोर की ओर बढ़ते हैं। इसके बाद दोनों उनका मुस्कुराकर स्वागत करते हैं। बता दें कि स्पेसएक्स और नासा के इस मिशन कौ नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से शुक्रवार को लॉन्च किया गया था। सुनीता विलियम्स ने ही नए मेहमानों के लिए हैच खोला। एलियन का मास्क लगाने वाले हेग के अलावा रोसकोसमोस अलेक्सांद्र पिछले सितंबर से आईएसएस में हैं।

आईएसएस में क्रू-10 के पहुंचने के बाद यहां कुल संख्या 11 हो जाएगी। नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर तथा रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्सांद्र गोरबुनोव बुधवार को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर लौटेंगे। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पिछले साल पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे।

# रुस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने आज पुतिन से बात करेंगे राष्ट्रपति ट्रंप

**वाशिंगटन,,17मार्च ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। ट्रंप ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या हम मंगलवार तक कुछ घोषणा कर सकते हैं। मैं मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात करूंगा। वीकेंड में बहुत काम किया गया है। हम देखना चाहते हैं कि क्या हम उस युद्ध को खत्म कर सकते हैं।

हालांकि रूस अपने हमले से यूक्रेन को उखाड़ फेंकने के लक्ष्य में विफल रहा, फिर भी उसका देश के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण है। ट्रंप ने कहा कि युद्ध को खत्म करने के बारे में लैंड और पावर प्लांट्स बातचीत का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि हम लैंड के बारे में बात करेंगे। हम पावर प्लांट्स के बारे में बात करेंगे। ट्रंप ने इसे कुछ एजेट्स का बंटवारा बताया। रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एंद्री ह्नातोव को यूक्रेनी सशस्त्र बलों का नया चीफ ऑफ जनरल स्टाफ बनाया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यूक्रेन रूस के



कुर्स्क क्षेत्र में डटे रहने और दोनेत्स्क में बढ़ते दबाव का सामना करने के लिए अपनी सेना में बदलाव कर रहा है और उसे मजबूत बनाने की कोशिश कर रहा है। ह्नातोव ने फरवरी 2024 से इस पद को संभाल रहे अनातोली बारहिलेविच की जगह ली है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जनरल स्टाफ ने नियुक्ति की घोषणा की। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ने कहा कि हम यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं की युद्ध प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए उसमें व्यवस्थित रूप से बदलाव कर रहे हैं। बारहिलेविच अब यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय में जनरल इंस्पेक्टर के तौर पर काम करेंगे। ओलेक्सांद्र सिर्स्की यूक्रेन के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ बने रहेंगे। जेलेंस्की ने 2022 में रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन की सरकार और सेना में कई बदलाव किए हैं।

**इस्लाम का अपमान करने के आरोप में दो छात्र संस्पेंड, 5 पर लटक रही तलवार**- बांग्लादेश के ढाका में पबना यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने इस्लाम का अपमान करने के आरोप में दो छात्र बिकर्ण दास दिव्या और प्रणय कुंडू को सस्पेंड कर दिया। इसके अलावा 6 और छात्रों को सस्पेंड करने की मांग की जा रही है। यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर के मुताबिक दोनों छात्रों के खिलाफ आरोप लगाए गए थे, जिसके बाद तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन उनके जवाब संतोषजनक नहीं थे। मामला सुलझाने के लिए यूनिवर्सिटी के डिसिप्लिन बोर्ड ने एक इमरजेंसी बैठक बुलाई थी।

# अमेरिकी कोर्ट की रोक के बावजूद 261 वेनेजुएलाई नागरिक डिपोर्ट

**वॉशिंगटन,17मार्च ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को वेनेजुएला के 261 अप्रवासी नागरिकों को अल सल्वाडोर की सुपरमैक्स जेल भेज दिया है। अमेरिका ने इन्हें ड्रग्स बेचने वाली गैंग्स का सदस्य बताते हुए एलियन एनिमी एक्ट के तहत ये कार्रवाई की है। अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने सोशल मीडिया पर बताया कि वेनेजुएलाई गैंग ट्रेन डी अरागुआ के 238 सदस्य और अंतरराष्ट्रीय गैंग एमएस-13 के 23 सदस्य रविवार सुबह वहां पहुंचे।

एक अमेरिकी कोर्ट के तरफ से इन लोगों को डिपोर्ट किए जाने के आदेश पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद भी अमेरिका ने इन लोगों को डिपोर्ट कर दिया। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक, जब तक कोर्ट का आदेश आया, तब तक फ्लाइट उड़ान भर चुकी थीं। इन लोगों के अल सल्वाडोर पहुंचने का वीडियो राष्ट्रपति नायब बुकेले ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें हथकड़ी पहने लोग फ्लाइट से उतारे जा रहे हैं और उन्हें जबरन जेल ले जाया जा रहा है। इसके अलावा इन लोगों के जेल ट्रांसफर करने की कछ तस्वीरें भी राष्ट्रपति कार्यालय ने जारी की हैं। जज ने फ्लाइट्स को वापस बुलाने को कहा, ट्रम्प प्रशासन ने नहीं माना डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स ई. बोआसबर्ग ने शनिवार को एक आदेश जारी कर वेनेजुएलाई लोगों के डिपोर्टेशन को अस्थायी रूप से रोक दिया था। सरकारी वकीलों ने उन्हें बताया कि उस समय दो विमान उड़ान भर चुके थे। इनमें से एक अल साल्वाडोर और दूसरा होंडुरास के लिए निकला था। तब जज ने दोनों विमानों को वापस बुलाने का भी निर्देश दिया, लेकिन इसे अपने लिखित आदेश में शामिल नहीं किया। इसके चलते प्रशासन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने रविवार को बताया कि प्रशासन ने किसी भी अदालत के आदेश को नजरअंदाज नहीं किया है। यह आदेश कानूनी रूप से आधारहीन था और जब इसे जारी किया गया, तब तक संदिग्ध आतंकवादी पहले ही अमेरिका से हटा दिए गए थे।

# पाकिस्तान में आतंकी संगठनों के खिलाफ बड़े एक्शन की तैयारी में शाहबाज सरकार

## आज बुलाई राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की बैठक



**इस्लामाबाद ,17मार्च ( एजेंसी )।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की बैठक बुलाई है। यह बैठक मंगलवार को बंद कमरे में होगी। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली के स्पीकर से मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे संसद भवन में सुरक्षा बैठक बुलाने को कहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी बैठक में संसदीय समिति को मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर व्यापक जानकारी देने वाले है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली संसद का निचला सदन है। यह बैठक पड़ोसी देश अफगानिस्तान की सीमा से सटे बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हुए घातक आतंकवादी हमलों की श्रृंखला के मद्देनजर बुलाई गई है।

रिपोर्ट में नेशनल असेंबली के एक सूत्र का हवाला देकर बताया गया कि चूंकि सुरक्षा पर कोई संसदीय समिति गठित नहीं की गई थी, इसीलिए नेशनल असेंबली के रक्षा और विदेश मामलों की स्थायी समितियों के सदस्य, संघीय कैबिनेट के सदस्य, चारों प्रांतों के मुख्यमंत्री और सभी संसदीय दलों के नेता अथवा उनके प्रतिनिधि बंद दरवाजे के भीतर होने वाली इस बैठक में भाग ले रहे है। प्रधानमंत्री शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर बैठक में शामिल होने वाले है। इस बीच, रिपोर्ट में बताया गया कि सरकार प्रांत में बढ़ते आतंकवादी हमलों में शामिल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान की योजना बना रही है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 11 मार्च को गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाकों के पास 440 यात्रियों को लेकर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर घात लगाकर हमला किया था। सेना द्वारा 12 मार्च को सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराने से पहले आतंकवादियों ने 21 यात्रियों और अर्धसैनिक बलों के चार जवानों को मार डाला था।

## अन्य

# रिसर्च करने भारत आती थीं मणिकर्णिका, यूके ने देश से बाहर जाने को कहा

**लंदन ,17मार्च ( एजेंसी )।** मणिकर्णिका दत्ता एक सम्मानित इतिहासकार, ऑक्सफोर्ड की पूर्व छात्रा और भारत की औपनिवेशिक अतीत को उजागर करने वाली रिसर्चर हैं। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें उस देश में रहने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा जिसे उन्होंने एक दशक से ज्यादा समय से अपना घर माना है। अब उन्हें एक नौकरशाही उनके जीवन और अकादमिक करियर को बर्बाद करने की धमकी दे रही है। 37 साल की मणिकर्णिका दत्ता जो यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन में सहायक प्रोफेसर हैं, यूके से डिपोर्टेशन का सामना कर रही हैं क्योंकि होम ऑफिस ने उन्हें अनिश्चितकालीन निवास (आईएलआर) के लिए अयोग्य माना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में उनकी व्यापक शोध यात्राएं, जहां उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के इतिहास पर अपने काम के लिए जरूरी आर्काइव्स का इस्तेमाल किया और इस दौरान वह यूके के इमीग्रेशन नियमों के तहत विदेश में रहने के अधिकतम दिनों की सीमा को पार कर गईं हैं।

दत्ता, जो 2012 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री के लिए यूके आई थीं, बाद में डॉक्टरेट रिसर्च किया और ऑक्सफोर्ड और ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में पदों पर रहीं। वही प्रतिबद्धताएं अब उनके निष्कासन को सही ठहराने के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं।

यूके होम ऑफिस के नियमों के मुताबिक आईएलआर आवेदकों को 10 साल की अवधि में अधिकतम 548 दिन देश के बाहर बिताने की इजाजत है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दत्ता ने इसे 143 दिनों से अधिक कर दिया। यह अधिकता आवश्यक शोध यात्राओं और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के कारण हुई। भले ही उन्होंने तर्क दिया कि ये यात्राएं उनके काम के लिए अहम थीं, होम ऑफिस ने उनके खिलाफ फैसला सुनाया, विवाद को बढ़ता देख उनके



पति डॉ. सौविक नाहा जो ग्लासगो विश्वविद्यालय में सीनियर लेक्चरर हैं, को उसी आवेदन प्रक्रिया के तहत आईएलआर दिया गया, जबकि दत्ता को अस्वीकार कर दिया। होम ऑफिस ने आगे तर्क दिया कि उनका ब्रिटेन में कोई पारिवारिक जीवन नहीं है, जबकि वह अपने पति के साथ लंदन में 10 साल से ज्यादा समय से रह रही हैं।

कई लोगों का मानना है कि यूके का यह रवैया शीर्ष स्तर के वैश्विक विद्वानों को देश से दूर कर सकता है। दत्ता अकेली नहीं हैं अन्य एकेडमिक्स ने भी इसी तरह की समस्याओं का सामना किया है, जिससे यह चिंता है कि यूके की इमीग्रेशन पॉलिसी एकेडमिक रिसर्च की वास्तविकताओं से तालमेल करने में नाकाम रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे कठोर नियमों से ग्लोबल टैलेंट रिसर्च और इनोवेशन के लिए यूके आने से इनकार कर सकते हैं। फिलहाल, होम ऑफिस ने अगले तीन महीनों में उनके मामले की समीक्षा करने पर सहमति जताई है, लेकिन दत्ता अभी भी अनिश्चितता में हैं, यह नहीं जानतीं कि उन्हें यूके में अपना करियर जारी रखने की अनुमति मिलेगी या उन्हें उस देश को छोड़ने के लिए मजबूर किया जाएगा जिसे उन्होंने एक दशक से ज्यादा समय से अपना घर कहा है।

# अमेरिका साबित हुआ धोखेबाज, भारत ने भरोसेमंद दोस्त रुस की तरफ बढ़ाया हाथ

**मॉस्को ,17मार्च ( एजेंसी )।** भारत और भारत के लोग रूस को आजमाया हुआ दोस्त क्यों कहते हैं, यह आप रिपोर्ट को पढ़कर समझ सकते है। भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1 का प्रोडक्शन सिर्फ इसलिए नहीं हो रहा है, क्योंकि अमेरिका इंजन देने में बहने कर रहा है। जबकि दोनों देशों के बीच कई साल पहले ही इंजन की खरीद के लिए सौदेबाजी हो चुकी थी। इसके बाद अब भारत का विश्वास अमेरिका से टूट चुका है। भविष्य में भी अमेरिकी धोखेबाजी से बचने के लिए अब भारत सरकार ने बड़ा फैसला किया है। भारत ने दोस्त रूस को फाइटर जेट के इंजन के लिए बातचीत में शामिल करने की योजना तैयार की है। दरअसल, भारत एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट बना रहा है और इसके लड़ाकू विमानों के लिए एक बेहतरीन इंजन का होना अत्यंत जरूरी है। इसके बाद भारत के प्रस्ताव पर रूस ने भी बड़ा दिल दिखाया हैं।



## तेजस एमके1 का प्रोडक्शन के लिए इंजन देने को तैयार रुस

रिपोर्ट के मुताबिक रूस को बातचीत का हिस्सा बनाना भारत की रणनीतिक बदलाव को दिखाता है। भारत पहले सिर्फ पश्चिमी देशों की कंपनियां, जैसे जनरल इलेक्ट्रिक (अमेरिका), सफ्रान (फ्रांस) और रोल्स रॉयस (यूके) से बातचीत कर रहा था। लेकिन पश्चिमी देश बात पर बिगड़ जाते हैं। ये अपने फायदे के लिए कभी भी धोखा दे सकते हैं। इसके बाद भारत ने अपने आजमाए हुए साथी रूस को बातचीत में शामिल किया है, जो निश्चित तौर पर पश्चिमी देशों को मुंह फुलाने से पहले सौ बार सोचने पर मजबूर करेगा।

फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट के इंजन के लिए बातचीत में रूस को शामिल करना भारत के लिए बेहतर फैसला साबित होगा। इससे भारत के एएमसीए लड़ाकू विमानों के समय से निर्माण में मदद मिल सकती है, क्योंकि रूस ना सिर्फ समय पर भारत को इंजन देगा, बल्कि स्वदेशी इंजन के निर्माण में भी कई तरह से मदद करेगा। भारत का मकसद एक स्टील्थ, मल्टी रोल लड़ाकू विमान बनाना है और रूस पहले ही फिफ्थ जेनरेशन लड़ाकू विमान एसयू-57 ऑपरेट कर रहा है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि रूस की सरकारी डिफेंस कंपनी रोस्टेक ने अपने 177एस इंजन का प्रस्ताव भारत के सामने रखा है। 177 एस को एएल-41एफ1 और एएल-51 पावरप्लांट के हाइब्रिड के रूप में पेश किया गया है। 177एस को विशेष रूप से पांचवीं पीढ़ी के सामरिक विमानों के लिए डिजाइन किया गया है और दावा किया जाता है कि यह ज्यादा थ्रस्ट, बेहतर ईंधन दक्षता और लड़ाकू विमानों को लंबे समय तक उड़ान भरने लायक क्षमता देती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 177एस इंजन, रोस्टेक के यूनाइटेड इंजन कॉरपोरेशन (यूएफसी) का एक प्रोडक्ट है और रूसी इंजन टेक्नोलॉजी की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। इसमें एएल-41एफ1 (वर्तमान में सुखोई एसयू-57 फेलन में लगा) और ज्यादा एडवांस एएल-51 की टेक्नोलॉजी को शामिल किया गया है। इस इंजन के 14,500 किलोग्राम(लगभग 142केएन) का मैक्सिमम थ्रस्ट प्रदान करने की जानकारी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक फाइटर जेट इंजन की कुल सर्विस लाइफ 6,000 घंटे तक होने का अनुमान है, जो भारत के एसयू-30 एमकेआई बेड़े में इस्तेमाल किए जाने वाले एएल-31एफपी जैसे पुराने इंजनों से काफी ज्यादा है। इसके अलावा, रिपोर्ट बताती है कि 177एस ईंधन की खपत में कम से कम 7 प्रतिशत की कमी हासिल करता है, जो एएमसीए जैसे स्टील्थ विमान की सीमा को बढ़ाने के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

रूस के एक अधिकारी ने सुझाव दिया है कि ये इंजन फाइटर जेट्स के लिए अतिरिक्त स्पीड हासिल करने की शक्ति प्रदान करती है, जो भारत के लिए बेहतरीन साबित होगा। रूसी अधिकारी ने आगे प्रस्ताव दिया है कि भारत 2डी फ्लैट नोजल डिजाइन को शामिल करके इंजन के प्रदर्शन को अपने वातावरण के हिसाब से डिजाइन भी कर सकता है, जो अमेरिकी एफ-22 रालोर पर इस्तेमाल किए गए डिजाइन की याद दिलाता है। इंजन पर बातचीत में रूस को शामिल करने से भारत के सामने एक शानदार विकल्प आ गया है और उसे पश्चिमी देशों की कंपनियों के साथ अपनी शर्तों पर बातचीत करने में मदद हासिल होगी।

# भूटान ने ऐसा क्या किया कि अमेरिका ने लगा दिया प्रतिबंध

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 43 देशों की एक सूची तैयार की है, जहां के लोगों पर ट्रैवल बैन लगाने का प्लान बनाया है। इस सूची में तीन कैटिगरी बनाई गई हैं। पहली रेड, दूसरी ऑरेंज और तीसरी येलो। रेड सूची में उन देशों को रखा गया है, जहां के किसी भी व्यक्ति को अमेरिका में एंट्री नहीं दी जाएगी। इसमें अफगानिस्तान, उत्तर कोरिया, ईरान, यमन, सोमालिया, सूडान और सीरिया जैसे देश शामिल हैं, जहां अशांति है या फिर अमेरिका से रिश्ते खराब हैं, लेकिन इस सूची में एक देश भूटान भी है। भूटान का नाम सूची में होना चौंकाने वाला है। इसकी वजह है कि भूटान को दुनिया का सबसे खुशहाल देश माना जाता है। फिर भी भूटान को रेड लिस्ट में क्यों रखा जा रहा है? यह सोच का विषय है।

ट्रंप प्रशासन के सूत्रों का कहना है कि भूटान को इस सूची में शामिल करने की कुछ वजहें हैं कि भूटान के लोग अमेरिका में वीजा नियमों का उल्लंघन करते हैं। वीजा में तय अवधि के बाद भी वे अमेरिका में रहते हैं। ऐसी स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। इसके अलावा अवैध चैनल से भी अमेरिका पहुंचने वाले भूटानियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इससे भी अमेरिका चिंतित है। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी का कहना है कि बीते साल 37 फीसदी भूटानियों ने वीजा नियमों का उल्लंघन किया। अब रेड सूची में डाले जाने के बाद भूटान के हर व्यक्ति को लंबी जांच से गुजरना होगा। तभी उनका वीजा जारी होगा और कई मामलों में उनकी अर्जी को बिना कोई कारण बताए ही खारिज किया जा सकता है।

यही नहीं अमेरिका में जो भूटान के लोग हैं, उनकी भी अलग से चेकिंग की जाएगी। इस फैसले से खासतौर पर भूटान के उन लोगों को समस्या होगी, जो पढ़ाई के लिए अमेरिका जाते हैं। इस फैसले से अमेरिका और भूटान के संबंधों पर भी असर पड़ेगा, जो आमतौर पर अच्छे हैं। भूटान के विदेश मंत्रालय ने एक औपचारिक मांग भी की है कि अमेरिका अपने फैसले की समीक्षा करे।

# विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश ने बताया रजत पाटीदार को कप्तान बनाये जाने का कारण

**नई दिल्ली ,17मार्च (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए रजत पाटीदार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का कप्तान बनाये जाने से सभी हैरान थे। प्रशंसकों का मानना था कि एक बार फिर विराट कोहली को कप्तान मिलेगी पर ऐसा नहीं हुआ। इसी को लेकर अब टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने अहम खुलासा किया है। जितेश ने एक पॉडकास्ट में कहा। कप्तान बनने के लिए रजत पाटीदार सबसे अच्छा विकल्प थे। जितेश ने कहा, विराट भाई ने पिछले कुछ वर्षों से कप्तानी नहीं की है, और इस साल भी उन्होंने कप्तानी करने का मन नहीं बनाया था। टीम प्रबंधन के पूछन पर उन्होंने मना कर दिया था। जितेश के अनुसार, विराट कोहली के फैसले के बाद ये साफ हो गया कि इस बार कप्तानी के लिए रजत पाटीदार को ही अवसर मिलेगा।

रजत ने पिछले कुछ साल में आरसीबी के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और माना जा रहा है कि कप्तानी मिलने का एक कारण ये भी रहा। जितेश ने कहा, रजत पाटीदार ने हमेशा टीम के लिए अच्छे प्रदर्शन किए हैं। वह एक बेहतरीन क्रिकेटर हैं और उनके पास कप्तानी की सारी खूबियां हैं। उन्हें कप्तान बनाना एक सही कदम है, और सभी उनकी पूरी सहायता करेंगे।


जितेश को आरसीबी ने उन्हें पिछले साल हुई मेगा नीलामी में 11 करोड़ रुपये में खरीदा था। जितेश पहले पंजाब किंग्स का हिस्सा थे पर अब वह आरसीबी में विकेटकपीर की जिम्मेदारी संभालेंगे। जितेश ने कहा, मैं हमेशा रजत पाटीदार के साथ खेला हूं और मुझे यकीन है कि वह बहुत अच्छा नेतृत्व करेंगे। मैं उनकी मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं।

# युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के पास ओलंपिक पदक जीतने का अवसर : विराट

**नई दिल्ली ,17मार्च (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि अगर भारतीय टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के फाइनल में पहुंचती है तो वह संन्यास से वापसी करते हुए खिताबी मुकाबले में खेलने के लिए तैयार हैं हालांकि इसके लिए उन्हें अनुमति मिलती है ये नहीं ये देखना होगा। 100 साल में पहली बार क्रिकेट को लॉस एंजिल्स में शामिल किया जा रहा है, जिससे वर्तमान समय के खिलाड़ियों के पास भी ओलंपिक पदक जीतने का अवसर है।**

पिछली बार क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा 1900 में था, जब सिर्फ ब्रिटेन और फ्रांस ही ओलंपिक में शामिल थे। वहीं विराट ने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत को जीत दिलाने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। वहीं अब इंग्लैंड की पूर्व महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईसा गुहा के साथ बातचीत में कोहली ने साझा किया कि युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी उपलब्धियों में ओलंपिक पदक जोड़ने का यह एक शानदार अवसर होगा है। इस ओलंपिक में टी20 प्रारूप वाले क्रिकेट को ही शामिल किया गया है।

विराट ने कहा, पूरी दुनिया में बहुत सी टी20 लीग खेली जाती हैं और मुझे लगता है कि आईपीएल ने निश्चित रूप से इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। इसने क्रिकेट को ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है जहां यह ओलंपिक का हिस्सा है। यह हमारे कुछ खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मौका है। वहीं इसमें भाग लेने को लेकर विराट कोहली ने कहा। नहीं। ओलंपिक के लिए शायद अगर हम स्वर्ण पदक के लिए खेल रहे हैं, तो मैं एक मैच के लिए वापस आ सकता हूं। पदक जीतो और घर वापस आ जाओ। यह बहुत अच्छी बात है। साथ ही कहा कि ओलंपिक चैंपियन बनना एक शानदार एहसास होगा, अपनी तरह का पहला। कोहली ने संन्यास के बाद की अपनी योजनाओं के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, वास्तव में मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगा। हाल ही में मैंने एक टीम के साथी से यही सवाल पूछा और मुझे वही जवाब मिला पर काफी यात्रा करूंगा।




## सीएसके टीम के नेट गेंदबाज बने बिहार के मलय राज

अब बिहार के भागलपुर का एक युवा क्रिकेटर आईपीएल में गेंदबाजी करता दिखेगा। मलय राज नाम के इस तेज गेंदबाज को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपना नेट गेंदबाज बनाया है। ऐसे में अब मलय महेंद्र सिंह धोनी सहित सीएसके के सभी शीर्ष बल्लेबाजों को नेट अभ्यास में गेंदबाजी करते दिखेंगे। मलय का चयन अच्छी गेंदबाजी के कारण हुआ है। आईपीएल 2025 के प्री-सीजन कैंप के लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दे दिया है।मलय के साथ बिहार के ही जिशान और नजीर भी सीसएके के नेट गेंदबाजों के रूप में शामिल हैं। इन खिलाड़ियों के यात्रा और अन्य खर्च का वहन सीएसके उठाएगा। मलय ने मुश्ताक अली ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी में बिहार की ओर से खेला है। मलय पटना जिले की ओर से क्रिकेट खेलते हैं। मलय की इस शानदार उपलब्धि से उनके परिजन उत्साहित हैं।




सिंगापुर में स्पेन के सर्जियो गार्सिया गोल्फ खिताब जीतने के बाद टीम के साथियों के साथ जश्न मनाते हुए।

# मोदी बोले, परिणामों से पता चलता है भारत–पाक में कौन सी टीम है बेहतर

**नई दिल्ली ,17मार्च (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि परिणामों से पता चलता है कि भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों में बेहतर कौन है। मोदी ने कहा कि वह क्रिकेट विशेषज्ञ नहीं हैं और केवल परिणामों के आधार पर बेहतर टीम का आंकलन करते हैं। मोदी ने रविवार को एक अमेरिकी पॉडकास्टर के साथ बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। वहीं फुटबॉल को लेकर उन्होंने कहा कि महान डिएगो माराडोना को अपने जमाने का वास्तविक नायक माना जाता है पर वर्तमान पीढ़ी की बात करें तो अर्जेंटीना के लियोनल मेसी पसंदीदा बने हुए हैं।

भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीमों को लेकर उन्होंने ने कहा, 'मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं और खेल के तकनीकी पक्षों के बारे में नहीं जानता। इसलिए कौन बेहतर है, इसका जवाब विशेषज्ञ ही दे सकते हैं पर कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला गया था। इसके परिणाम से पता चलता है कि कौन सी टीम बेहतर है। ' भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाक के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की थी।

पीएम ने कहा, 'मुझे लगता है कि खेलों में पूरी दुनिया को ऊर्जावान बनाने की ताकत है। खेल की भावना विभिन्न देशों के लोगों को एक साथ जोड़ती है। इसलिए मैं चाहता हूं कि खेलों को इसका श्रेय मिले।मैं वास्तव में मानता हूं कि खेल मानव विकास में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, वे सिर्फ खेल नहीं हैं। वे लोगों को गहरे स्तर पर जोड़ते हैं।' भारत में फुटबॉल की लोकप्रियता को लेकर उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल की अपनी यात्रा को याद किया, जहां उन्होंने निवासियों के बीच खेल के प्रति गहरा प्रेम देखा जो अपने क्षेत्र को 'मिनी ब्राजील' कहते थे।



मोदी से जब उनके पसंदीदा फुटबॉल खिलाड़ी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'अगर हम अतीत की बात करें तो 1980 के दशक में एक नाम जो हमेशा सामने आता था वह माराडोना का था। उस पीढ़ी के लिए, उन्हें एक वास्तविक नायक के रूप में देखा जाता था।'

**बीसीसीसीआई की चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने इस्तीफा दिया** – भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई ) की चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने इस्तीफा दे दिया है। इससे अब आने वाले समय में कुछ महीनों में कुछ अन्य बदलाव होने तय हैं। खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल का तीन साल का कार्यकाल बेहद सफल रहा था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'हां, नितिन ने स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है। नितिन का बीसीसीआई के साथ बहुत अच्छा कार्यकाल था। उन्होंने (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) एनसीए में स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के गठन में अहम भूमिका निभाई थी।

पिछले कुछ वर्षों में सबसे अच्छी बात यह रही कि जब भी कोई खिलाड़ी चोटिल होने पर उपचार के लिए यहां आता था तो पूरी तरह फिट होने पर ही उसे खेलने की अनुमति मिलती थी। नितिन का परिवार विदेश में रहता है और खेल विज्ञान और चिकित्सा प्रभाग की जिम्मेदारी संभालने के कारण उन्हें पूरे समय यहां रहना पड़ता था। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्होंने पद छोड़ा है।

## गौतम अडानी के लिए खुशनुमा सोमवार, कानूनी मामले में राहत और शेयर बाजार में बंपर तेजी



**मुंबई ,17मार्च (एजेंसी)।** देश के दिग्गज कारोबारी समूह गौतम अडानी समूह की कंपनियों के शेयर में सोमवार को बंपर तेजी दिखाई दी। सोमवार को शुरुआती कारोबार में ही अडानी समूह के सभी 10 लिस्टेड शेयर हरे निशान में ट्रेड कर रहे थे। अडानी समूह के शेयरों में उछाल भारतीय शेयर बाजार में तेजी के बीच भी आया है। इसके अलावा, समूह को एक बड़ी राहत मिल गई है। दरअसल, बंबई उच्च न्यायालय ने अडानी समूह के चेयरमैन गौतम और मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश अडानी को करीब 388 करोड़ रुपये के बाजार विनियमनों के कथित उल्लंघन के मामले से बरी कर दिया।

**क्या है मामला** – गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने 2012 में अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) और इसके प्रमोटर्स गौतम और राजेश अडानी के खिलाफ मामला शुरू किया था। जांच निकाय ने इन पर आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाकर आरोपपत्र दाखिल किया था। दोनों उद्योगपतियों ने 2019 में उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की और सत्र न्यायालय के आदेश को रद्द करने की मांग की गई, जिसमें उन्हें मामले से बरी करने से इंकार कर दिया था। न्यायमूर्ति आर एन लड्ढा की उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने सत्र न्यायालय के आदेश को रद्द कर दोनों को मामले से बरी कर दिया।

## फरवरी में व्यापार घाटा कम होकर 1.21 लाख करोड़ हुआ

### ये अगस्त 2021 के बाद सबसे कम, देश में इंपोर्ट 13.59 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली,17मार्च (एजेंसी)।** एक्सपोर्ट में बढ़ोतरी के कारण भारत का मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट यानी व्यापारिक व्यापार घाटा फरवरी 2025 में घटकर 14.05 बिलियन डॉलर (1.21 लाख करोड़ रुपए) हो गया। पिछले महीने जनवरी में यह 22.99 बिलियन डॉलर (1.99 लाख करोड़ रुपए) था। ये घाटा अगस्त 2021 बाद से सबसे कम है। फरवरी में मर्चेंडाइस एक्सपोर्ट 3.20 लाख करोड़ रुपए रहा। जनवरी में ये 3.16 लाख करोड़ रुपए था। इसमें 1.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

इंपोर्ट की बात करें तो फरवरी में भारत का इंपोर्ट 4.42 लाख करोड़ रुपए रहा। ये जनवरी के मुकाबले 73,000 करोड़ रुपए कम है। पिछले महीने भारत में 5.15 लाख करोड़ रुपए का इंपोर्ट हुआ था।

## सोना 1,048 बढ़कर ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली,17मार्च (एजेंसी)।** सोने-चांदी की कीमत सोमवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,048 बढ़कर 87,891 हो गया है। इससे पहले गोल्ड ने 13 मार्च को 86,843 का हाई बनाया था। वहीं, एक किलो चांदी 1,363 महंगी होकर 99,685 प्रति किलो पर पहुंच गई है। बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को चांदी का भाव 98,322 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने इससे पहले 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 प्रति किलो का हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 361 अंक चढ़कर 74,190 पर बंद

### निफ्टी में 111 अंकों की तेजी रही, 22,508 पर बंद; बैंक, फार्मा और ऑटो शेयर चढ़े



**मुंबइ,17मार्च (एजेंसी)।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 361 अंक चढ़कर 74,190 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 111 अंकों की तेजी रही, यह 22,508 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में फार्मा, बैंक और ऑटो शेयर सबसे ज्यादा चढ़े।

निफ्टी फार्मा इंडेक्स सबसे ज्यादा 1.56 प्रतिशत की तेजी रही। बैंक और ऑटो शेयर भी करीब 1 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। रियल्टी, एफएमसीजी और मीडिया सेक्टर में करीब 0.50 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं सेंसेक्स पर बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक टॉप गेनर रहे।



*अपने वार्षिक **ग्राहक दिवस** समारोह के भाग के रूप में, एयरटेल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 5,500+ मजबूत कार्यबल ने पूरा दिन फील्ड में बिताया, ग्राहकों, खुदरा विक्रेताओं, और अन्य हितधारकों से सीधा फीडबैक प्राप्त किया। हर वर्ष इस तिथि पर, सभी एयरटेल कर्मचारी अपने कार्यालयों से बाहर निकलते हैं और देशभर में ग्राहकों के साथ सीधे जुड़ते हैं, सेवा उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।*

# ईशान की इंट्रा–स्क्वाड मैच में आक्रामक बल्लेबाजी, दो अर्धशतक लगाये

**हैदराबाद ,17मार्च (एजेंसी)।** पिछले काफी समय में टीम इंडिया से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल के 2025 वें सत्र से पहले अच्छे फार्म में नजर आ रहे हैं। ईशान ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान शानदार पारियां खेली हैं। ईशान ने अभिषेक शर्मा के साथ शीर्ष क्रम में खेलते हुए केवल 23 गेंदों में ही 64 रन और 30 गेंदों पर 73 रन बना दिये। सनराइजर्स द्वारा सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए इस वीडियो में ईशान के जबरदस्त शॉट दिखाये गये हैं। सनराइजर्स को पिछले साल फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार उसने कई खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम से बाहर करते हुए ईशान किशन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को टीम से जोड़ा है।



ईशान को मेगा नीलामी में सनराइजर्स ने 11.25 करोड़ में खरीदा था। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के पारी की शुरुआत करने के बाद ईशान तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ईशान किशन इससे पहले मुंबई इंडियंस की टीम की ओर से खेलते थे। उन्होंने 2016 में डेब्यू किया और तब से वे आईपीएल के प्रमुख सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने 105 पारियों में 16 अर्द्धशतकों के साथ 2644 रन बनाए हैं। वह मुंबई इंडियंस के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी थे हालांकि मुम्बई ने उन्हें 2025 के आईपीएल सीजन से पहले रिलीज कर दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च अपना पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से खेलेगी।

# आईसीआईसीआई बैंक ने छिंदवाड़ा में एक नई शाखा का उद्धाटन किया

**छिंदवाड़ा,17मार्च(जनपक्ष)।** आईसीआईसीआई बैंक ने छिंदवाड़ा-नागपुर रोड, बोडरी पुल के पास एक नई शाखा स्थापित की है। यह शाखा बैंक की शहर में तीसरी और जिले में 17वीं शाखा है। शाखा में एटीएम की सुविधा उपलब्ध है।

इस शाखा का उद्धाटन सुधीर जैन, सब डिवीजन मजिस्ट्रेट, और चंद्र प्रकाश राय, आयुक्त, नगर निगम, छिंदवाड़ा ने किया।

यह शाखा बचत और चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और ऋण जैसे

## इसमें एटीएम की सुविधा 24×7 उपलब्ध है

व्यवसायिक ऋण, स्वर्ण ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और शिक्षा ऋण सहित संपूर्ण खातों और जमा योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। इसके साथ ही रेमिटेन्स और कार्ड सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध है। शाखा परिसर में लॉकर सुविधा भी प्रदान की गई है।

शाखा का संचालन सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे और पाँचवे शनिवार को सुबह 9-30 बजे से दोपहर 3-00 बजे तक किया जाता है।

शाखा में टैब बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें ग्राहक के स्थान पर बैंक कर्मचारी द्वारा टैबलेट डिवाइस के माध्यम से लगभग 100 सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं में खाता खोलना, फिक्स्ड डिपॉजिट जमा करना, चेक बुक अनुरोध करना, ई-स्टेटमेंट उत्पन्न करना और पते में परिवर्तन जैसी सेवाएँ शामिल हैं।

# स्पाइन सर्जरी से राहत पाएं :डॉ. मोहम्मद फैजान

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** डॉ. मोहम्मद फैजान, स्पाइन सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया कि, स्पाइन सर्जरी एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने का दूसरा मौका देती है, जिससे पीठ और गर्दन के दर्द से राहत मिलती है। विभिन्न प्रकार की स्पाइन सर्जरी अलग-अलग आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, जैसे कि फ्यूज़न, डिस्केक्टोमी, लैमिनेक्टोमी और फॉरैमिनोटॉमी। एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एक मिनिमली इनवेसिव विकल्प है, जिसमें छोटे चीरों और कैमरों का उपयोग करके हर्निएटेड डिस्क और स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी समस्याओं का इलाज किया जाता है। उन्होंने आगे बताया की, विशेषज्ञ स्पाइन सर्जन उन्नत तकनीकों और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, जिससे व्यक्तिगत देखभाल और बेहतर परिणाम सुनिश्चित होते हैं। जब पारंपरिक उपचार पर्याप्त राहत प्रदान करने में असफल होते हैं, तब स्पाइन सर्जरी पर विचार किया जा सकता है। यदि लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं या बिगड़ते हैं और दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं, तो सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है।

हर्निएटेड डिस्क, डिजेनरेटिव डिस्क डिजीज,




**स्पाइन सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर**

स्कोलियोसिस, स्पॉन्डिलोलिस्टेसीस, स्पाइनल स्टेनोसिस, सियाटिका, स्पाइनल फ्रैक्चर, स्पाइनल इन्फेक्शन, स्पाइनल ट्यूमर, पुराना पीठ या गर्दन का दर्द, नसें दब जाना, स्पाइनल डिफॉर्मिटीज जैसी विभिन्न स्थितियों का इलाज करने के लिए स्पाइन सर्जरी की जाती है

डॉ. मोहम्मद फैजान, स्पाइन सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया कि, स्पाइन सर्जरी का उद्देश्य दर्द और नसों पर दबाव से राहत देना, रीढ़ की हड्डी को स्थिर करना, गतिशीलता और कार्यक्षमता में सुधार करना, विकृतियों को ठीक करना, ट्यूमर को निकलना और संक्रमण को कम करना और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। अपने विशिष्ट स्थिति के लिए सर्जरी सबसे उपयुक्त इलाज है या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए किसी स्पाइन सर्जन या स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श करना महत्वपूर्ण है।

डॉ. मोहम्मद फैजान ने आगे बताया की, जब पारंपरिक उपचार (फिजिकल थेरेपी, दवाएं, इंजेक्शन) लक्षणों में पर्याप्त राहत नहीं देते, रीढ़ की हड्डी के दबाव के कारण मल या मूत्र संबंधी समस्याएं, पीठ या पैरों में दर्द, सुन्नता, या कमजोरी जैसे लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं या बिगड़ जाते हैं जिससे आपकी नींद, काम या दैनिक गतिविधियों में बाधा आती है, एक्स-रे, एमआरआई, सीटी स्कैन से किसी संरचनात्मक समस्या, जैसे हर्निएटेड डिस्क, स्पाइनल स्टेनोसिस, या स्कोलियोसिस का पता चले, तब मरीज ओपन या एंडोस्कोपिक रीढ़ की सर्जरी करने का विचार कर सकते है। अंततः, रीढ़ की सर्जरी कराने का निर्णय एक स्पाइन सर्जन या स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श करके, व्यक्तिगत परिस्थितियों और उपचार विकल्पों पर विचार करते हुए लिया जाना चाहिए।

## फरवरी में थोक महंगाई बढ़कर 2.38 प्रतिशत पर पहुंची

### फूड प्रोडक्ट्स मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ने से महंगाई बढ़ी : जनवरी में 2.31 प्रतिशत पर थी



**नई दिल्ली,17मार्च (एजेंसी)।** फरवरी महीने में थोक महंगाई बढ़कर 2.38 प्रतिशत पर आ गई है। इससे पहले जनवरी में महंगाई 2.31 प्रतिशत पर थी। फूड प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने 17 मार्च को ये आंकड़े जारी किए। थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75 प्रतिशत, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड की हिस्सेदारी 22.62 प्रतिशत और फ्यूल एंड पावर की हिस्सेदारी 13.15 प्रतिशत है। यानी, मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की महंगाई के ऊपर–नीचे होने का सबसे ज्यादा असर महंगाई दर पर होता है।

**खाने–पीने की चीजें सस्ती हुईं** – रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई 4.69 प्रतिशत से घटकर 2.81 प्रतिशत हो गई। खाने–पीने की चीजों की महंगाई 7.47 प्रतिशत से घटकर 5.94 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर –2.78 प्रतिशत से बढ़कर –0.71 प्रतिशत रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.51 प्रतिशत से बढ़कर 2.86 प्रतिशत रही।

**सब्जियां और दालें सबसे ज्यादा सस्ती** –अनाज की थोक महंगाई 7.33 प्रतिशत से घटकर 6.77 प्रतिशत हो गई है। दालों की थोक महंगाई 5.08 प्रतिशत से घटकर –1.04 प्रतिशत हो गई है। सब्जियों की महंगाई 8.35 प्रतिशत से घटकर –5.80 प्रतिशत हो गई है। दूध की थोक महंगाई 2.69 प्रतिशत से घटकर 1.58 प्रतिशत हो गई है।

**होलसेल प्राइस इंडेक्स का असर** – थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए होलसेल प्राइस इंडेक्स को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। होलसेल प्राइस इंडेक्स में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

## पीएम टीबी मुक्त अभियान से जुड़े

बालाघाट( जनपक्ष/17मार्च )प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी रोगियों के सहयोग के लिए निक्षय मित्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के टीबी रोगियों के लिए फ़ूड बास्केट दिए जा सकते हैं। टीएल बैठक में जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रियांश सोनकर द्वारा बताया गया कि कोई भी व्यक्ति टीबी रोगियों के लिए 300 रुपये और 500 रुपये फ़ूड बास्केट के लिए फोन पे या क्यूआर कोड पर रुपये ट्रांसफर कर सकते हैं। टीएल बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों से इस अभियान में जुड़ने के लिए अनुरोध भी किया। कई अधिकारियों ने तत्काल क्यूआर कोड पर राशि भी डोनेट की।अधिक जानकारी के लिए जिला क्षय अधिकारी श्री प्रियांश सोनकर से 9575759080 से संपर्क कर सकते है।

# शहर के निकट डेंजर रोड के घने जंगलों में भीषण आग, यातायात प्रभावित

## नगर पालिका फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर पाया गया काबू,वन विभाग की लापरवाही आयी सामने

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)बालाघाट मुख्यालय में डेंजर मार्ग के किनारे





स्थित घने जंगल में दोपहर में भीषण आगजनी हो गई। जिसने इतना विस्तार लिया कि आवागमन के लिये डायवर्ट हुये इस मार्ग में कुछ देर के लिये आवागमन प्रभावित हो गया। हालांकि सूचना पर नपा के फायर वाहन पहुंची और आगजनी को काबू किया गया। जानकारी के अनुसार डेंजर रोड के घने जंगलों में अचानक भीषण आगजनी ने इतनी अधिक विकराल रूप लिया कि जंगल का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। आगजनी की घटना से कई पेड़ पौधों को प्रभावित किया। इस आगजनी की घटना ने वन विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी। जिनकी अग्नि सुरक्षा को लेकर होने वाली व्यवस्था यहां पर काम नहीं आयी। बल्कि नपा के फायर वाहन पहुंची और उन्होने कड़ी मशक्कत के बाद आगजनी पर काबू पाया। जिससे एक बड़ी आपदा टल गई। बालाघाट रेंज मुख्यालय की घटना हैं जहां पर वन अमला की सुस्ती व अग्निशमक का उपयोग को लेकर लापरवाही सामने आयी। गनीमत रही कि नपा की फायर वाहन ने आग बुझा लिया। अन्यथा आगजनी आगे बढ़नें पर कुछ विभागीय कार्यालय प्रभावित हो सकते थे। जानकारी में आया कि आज 17 मार्च के दोपहर लगभग पौने 4 बजे, डेंजर रोड के घने जंगलों में अचानक भीषण आग लगने की सूचना फोन द्वारा बालाघाट के फायर शाखा में दी गई। आग इतनी विकराल थी कि जंगल का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया,



जिससे आसपास के यातायात पर भी असर पड़ा। आगजनी की सूचना मिलते ही नगर पालिका फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत हरकत में आई और घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस अभियान में पायलट संजू सोनकर, फायरमैन राहुल वैद्य एवं भारत लिल्हारे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिनके द्वारा लगातार प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ी आपदा को टाला जा सका। इस दौरान यातायात को भी सुरक्षित रूप से बहाल किया गया। प्रशासन की सतर्कता और फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया।

# विवाद में चाचा की हत्या आरोपी भतीजा भेजा गया जेल

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)जिले के गढ़ी थाना अंतर्गत ग्राम घुई टोला में शराब के विवाद में भतीजे ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर उसे पटक दिया। जिससे चोटिल चाचाा की मौत हो गई। चाचा की हत्या के मामले में पुलिस ने भतीजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। बताते हैं कि घटना 14 मार्च की शाम करीब 4 बजे हुई। सूचना पर गढ़ी पुलिस ने मृतक अघनसिंह पिता बसदेवा धुर्वे उम्र 65 वर्ष का शव बरामद कर पीएम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में भतीजा हरीलाल धुर्वे उम्र 27 वर्ष जेल भेज दिया गया हैं। इस संबंध में बताया जाता हैं कि 14 मार्च को होली त्यौहार के दौरान अघनसिंह शराब पिए हुए था । शाम लगभग 4 बजे और भी शराब पीने के लिए अघनसिंह अपने भतीजे हरिलाल धुर्वे के घर गया और शराब मांगा। हरीलाल धुर्वे ने शराब नही दी। जिससे नाराज अघनसिह ने भतीजे हरिलाल धुर्वे को गालियां देने लगा। जिसे लेकर चाचा व भतीजा में झुमाझपटी हो गई। जिससे अघनसिंह नीचे गिर गया। बताते हैं कि इसके बाद उठते हुये अघनसिंह ने फिर से अपने भतीजे के साथ गाली गलौच शुरू कर दी। जिससे नाराज भतीजे हरीलाल धुर्वे ने चाचा के साथ मारपीट कर सीने पर बैठ गया था। जिसकी कुछ देर में मौत हो गई। वही मृतक के पुत्र सोनसिंह धुर्वे ने अपने पिता के सीने पर बैठे आरोपी हरीलाल धुर्वे के सिर पर पत्थर पटकर चोटिल कर दिया। जिससे आरोपी भी घायल हो गया। इस मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्यवाही करते हुये 15 मार्च को मृतक अघन सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराया।

### तलवार सहित युवक गिरफ्तार

हट्टा पुलिस ने ग्राम कुंडे के पीपल चौक में अवैध रूप से तलवार लेकर घूम रहे युवक रोहन पिता कमल प्रसाद नगपुरे को तलवार के साथ गिरफ्तार किया हैं। बताया गया कि युवक रोहन नगपुरे होली त्योहार में कुंडे में कृष्णा नगपुरे के घर के सामने पीपल चौक के पास खड़े होकर तलवार लहरा रहा था। साथ ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर आपत्ति करते हुये डर का माहौल बना रहा था। पुलिस को इस आशय की सूचना मिली और मौके पर पहुंचकर रोहन को तलवार सहित गिरफ्तार किया। जिसके पास हथियार रखे जाने को लेकर कोई दस्तावेज नहीं थे।

# छग से चोरी हुआ पिकअप वाहन माल सहित जप्त

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)थाना लामता पुलिस द्वारा छत्तीसगढ राज्य से चोरी गया पिक अप वाहन को माल सहित जप्त कर लिया गया हैं। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रूपये बतायी जा रही हैं। मामले में आरोपी को




फरार बताया गया हैं। यह कार्यवाही लामता थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरसिंगा मार्ग पर की गई। जहां पुलिस की कार्यवाही की भनक लगते हुये पिकअप वाहन खड़ी कर आरोपी फरार हो गये। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 16 मार्च की रात्री गस्त के दौरान उप निरीक्षक दिलीप करण नायक एवं अन्य नाईट थाना स्टाफ पेट्रोलिंग एवं गस्त अमला को मुखबीर की सूचना प्राप्त हुई की कुछ संदिग्ध व्यक्ति, सफेद रंग के पिक अप वाहन क्रमांक सीजी 09 बी1471 में चोरी का समान लेकर भाग रहे है। मुखबीर की सूचना पर तत्काल लामता पुलिस टीम द्वारा ग्राम नरसिंगा एवं आस पास क्षेत्र में नाकाबंदी की गयी। नाकाबंदी के कारण संदेही सफेद रंग की पिकअप वाहन क्र. सीजी 09 बी1471 अन्य चोरी सामान छोड़कर भाग गये। जिसे जप्त किया गया और उसके संबंध में जानकारी जुटायी गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त पिकअप वाहन स्वामी का नाम भूवनेश्वर पटले पिता धरमपटले झलमला पोस्ट छिपी तहसील बोडला जिला कबीरधाम राज्य छत्तीसगढ़ के नाम पर रजिस्टर्ड होना पाया गया। वाहन स्वामी व्दारा बताया गया कि उक्त वाहन दिनांक 15 मार्च को थाना झलमला, जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ राज्य से चोरी हो गया था। जिस पर अप. क्र. 03/25 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबध्द कराया गया। वाहन के साथ मेरा अन्य लोहे व स्टील का कीमती सामान भी चोरी हुआ है। संयुक्त टीम व्दारा मौके पर वाहन को धारा 303(2) बीएनएस, 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जप्त माल मशरूका की कुल कीमत 15 लाख रूपये है। मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हमारा प्रदेश बेरोजगारी व महंगाई में अव्वल : विवेक पटेल

## राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोले विधायक विवेक पटेल

वारासिवनी(जनपक्ष/17मार्च)वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल ने विधानसभा सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर किसानों के लिए,युवाओं के रोजगार और विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के समक्ष अपना पक्ष रखा और सरकार द्वारा किए गए घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की याद सरकार को दिलाया गया। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि आपकी सरकार द्वारा किसानों को पांच रुपए में स्थाई बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। मगर हमारे जिले के किसानों ने इस समय रबी की फसल लगाने के लिए आठ हजार रुपए में तीन महीने के लिए टीसी कनेक्शन लिया है। फिर भी किसानों को सही समय पर ना ही बिजली मिल रही है और ना ही उन्हें सिंचाई के लिए पानी मिल रहा हैं। बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे है वो खराब और जल रहे है। किसानों की फसल मर रही है। हमारे जिले की जो नहरें है उसकी मरम्मत की जावें,राजीव सागर नहर की लाइनिंग होवें,पीएचई,पीडब्ल्यूडी,सिंचाई,व अन्य विभागों में कोई अधिकारी नहीं है एक अधिकारी के भरोसे विभाग चल रहा है।




सिंचाई विभाग जनता से जुड़ा विभाग है। आज उसकी स्थिति दयनीय हैं। हमारी मांग हैं कि सरकार इन स्थानों पर नियुक्ति करे ताकि जनता का काम आसानी से हो सके।

**रेंजर कॉलेज जहां है वही पर रहें-**

हमारा प्रदेश बेरोजगारी और मंहगाई में अव्वल है। ढ़ेड वर्ष में मेडीकल जांच कई गुना महंगी हो गई है,ये हमारे प्रदेश की स्थिति है। अभी हम कुम्भ नहाने प्रयागराज गए थे। वहां हमने डीजल भरवाया वहां डीजल हमारे प्रदेश से 7-8 रूपये सस्ता है। पुरे देश में सबसे महंगा डीजल हमारे प्रदेश की जनता और किसानो को लेना पड़ रहा है। पिछले 20 वर्षो से प्रदेश में भजपा की सरकार है। हमारे बालाघाट जिले में ना तो शासकीय मेडिकल कॉलेज है और ना है इंजीनियर कॉलेज है। कुछ तो नया हुआ नही,दुर्भाग्य की बात हैं पिछले कई वर्षो से जिले में रेंजर कॉलेज है, उसे बालाघाट जिले से स्थानांतरण करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी मांग हैं कि रेंजर कॉलेज जहां पर हैं वही रहें ।

**वन विभाग की लाफरवाही के कारण हो रही बाघ की मौत-**

इसी तरह से विधायक विवेक पटेल ने कहा कि हमारा जिला बाघों का जिला है हमारे जिले में लगातार बाघों की मौत हो रही है कभी करेंट से,तो कभी भुखमरी से व कभी शिकारी द्वारा बाघों का शिकार किया जा रहा हैं। विभाग वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाए,अवैध खदानों से रेत की चोरी हो रही हैं। जिसको बंद करे,घर-घर मोहल्ले में अवैध शराब बिक रही, जिसे तत्काल बंद किया जाए।

**लाफरवाह अधिकारियों पर हो कड़ी कार्यवाही-**

श्री पटेल ने कहा कि जिले में धान उपार्जन केंद्र प्रत्येक ग्राम में बढ़ाया जाए। बालाघाट जिले सहित मध्यप्रदेश में पांच जगह धान के सार्टेज की जांच चल रही है । अनियमितता मिली हैं और जांच हो रही हैं। इस कार्यवाही में जो भी अधिकारी दोषी हो उन अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। प्रत्येक किसानों को फ्री में बिजली दी जाए। हमारे किसानों द्वारा बड़ी मेहनत से फसल उगाकर उन्हें बेचकर अपना जीवन यापन करता है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाया जाए,शिक्षा के मंदिर के बाजू में शराब बिक रही। शराब को बेचना बंद कराया जाए, किसानों से सस्ती खाद मिलना चाहिए। उन्होने कहा कि बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ते जा रही हैं। प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार दिया जाना चाहिए। सभी को स्थानीय स्तर पर रोजगार दिया जाए। मेरे विधानसभा क्षेत्र में दो ऐथेनॉल प्लांट खुले है । सरकार से मांग है कि वे तय करे कि जहा प्लांट खुले है वहां के स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए।

# गर्ल्स कालेज में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आज से

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के अंतर्गत शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट म.प्र. में चेतना फ्लेगशिप के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 18 एवं 19 मार्च को किया जावेगा। वर्तमान परिदृश्य में लैगिंग समानता एक महती आवश्यकता है, लिंग संबंधी मुद्दे महिलाओं, पुरूषों एवं थर्ड जेण्डर के जीवन के सभी पहलुओं से जुड़े होते है जो समाज के सर्वागिण विकास के लिए आवश्यक है। इस उद्देश्य के तहत् सेमिनार का विषय लैंगिक समुदाय का उभरता प्रतिमान चुनौतियां एवं संभावनाएं रखा गया है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन डॉ. निधि ठाकुर प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के अन्य जिलो से विषय विशेषज्ञ तथा प्रतिभागी सम्मिलित होगे। उपरोक्त विषय पर विषय विशेषज्ञों, प्रबुद्धजनों एवं शोधार्थियों से शामिल होने का आह्वान किया गया हैं।

# सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के आवास रिक्त करने के लिए बेदखली का आदेश

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)बैनगंगा सम्भाग बालाघाट कार्यपालन यंत्री ने अपने विभाग के सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों से आवास रिक्त कराने के लिए एसडीएम बालाघाट को लिखा है। एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने ऐसे 12 शासकीय सेवकों को आवास रिक्त कराने के लिए नोटिस जारी किए है। नोटिस जारी करते हुए सुनवाई का पर्याप्त दिया गया। इसके बाद उनके द्वारा मप्र लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 की धारा 4-(1) के तहत आदेश पारित किया है। इसके बावजूद आवास धारितो द्वारा शासकीय आवास रिक्त नही किया है। एसडीएम श्री सोनी द्वारा एक सप्ताह का समय दिया है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)वारासिवनी-रामपायली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने 15 मार्च को अज्ञात वाहन ने बाईक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताते हैं कि वारासिवनी नगर के वार्ड 2 सम्राट नगर में रहने वाले युवक गोपाल पिता थानसिंह लॉजेवार 23 वर्ष की भारतीय स्टेट बैंक के बाजू में सैलून की दुकान हैं। जो दोपहर में खाना खाने के लिए घर गया था और खाना खा कर वापस दुकान लौटा। जिसके बाद गोपाल लांजेवार बाईक में पेट्रोल भरवाने के लिए रामपायली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप जाने के लिए मिश्रा नगर होते हुए रामपायली मुख्य मार्ग पर आया। जिसके साथ अज्ञात वाहन के साथ टक्कर हो गई। जिससे डिवाईडर के पास गोपाल को मृत अवस्था में देखा गया। जिसकी सूचना पर पुलिस ने शव बरामद किया और पीएम पश्चात परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही हैं।

# शासकीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं सांई टेक्नोलाजी बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से 18 मार्च को रोजगार मेला सह स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आईटीआई के प्रांगण में किया गया है। इस रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक आवेदक अपनी 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक व अन्य समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन करा सकते है।

# आर्ट ऑफ लिविंग मनायेगा अंतर्राष्ट्रीय खुशी सप्ताह आज

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक डॉ. हेमन्त ने बताया कि आज के दौर में भागदौड़ भरी



जिंदगी के बीच मस्तिष्क का थका होना तनाव का कारण है। इसलिए अध्यात्मिक गुरू व मानवीय मूल्यों के संरक्षक श्री श्री रविशंकर के आव्हान पर विश्व खुशी सप्ताह (वर्ल्ड हैप्पीनेस वीक) विश्व के 180 देशों में एक साथ मनाया जा रहा है। यह अवसर लोगों को एक साथ आने और खुशी के महत्व को मनाने के लिए आमंत्रित करता है। 20 मार्च,को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस मनाया जाएगा।आर्ट ऑफ लिविंग खुशी कार्यक्रम के माध्यम से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए एक अभियान चला रहा है । जो 18 से 23 मार्च, तक विश्व खुशी सप्ताह के साथ मनाया जाएगा। जिस कड़ी में आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट केन्द्र द्वारा 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम आनंद अनुभूति खुशी कार्यक्रम 18 मार्च से प्रतिदिन प्रातः 6:00 से 9:00 बजे तक वा शाम 06 से 09 बजे तक दो अलग-अलग पाली में श्रीश्री सत्संग हाल बूढ़ी में आयोजित किया गया है। जिस दौरान स्वयं गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर द्वारा भी ऑनलाईन लाइव सत्र और ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बालाघाट शहर में आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम में सिखाई जाने वाली क्रियाओं से तनाव और नकारात्मक विचारों से मुक्ति के साथ ही एकाग्रता और खुशियों से जीवन को उपयोगी सरल ज्ञान के सूत्र हासिल होते है।जिसमें 18 से 23 मार्च मे होने वाले इस शिविर में 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग शामिल हो सकते है। जिसका लाभ उठाने की अपील आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों द्वारा की गई है ।

# बालाघाट खान में भारतीय राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर मॉयल लिमिटेड बालाघाट खान भरवेली में गत दिवस इस्पात मंत्रालय के तत्वाधान में राजभाषा अधिकारियों की अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इस्पात मंत्रालय के अधीन पीएसयूएल सेल, एनएमडीसी, केआईओसीएल, एमएसटीसी के राजभाषा अधिकारी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बालाघाट मध्यप्रदेश के सदस्य, कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी तथा मॉयल की महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में स्थित सभी खदानों के हिन्दी अधिकारी, सभी हिन्दी टंकक ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सुदर्शन मेंदीरत्ता संयुक्त सचिव इस्पात मंत्रालय ने कार्यक्रम में ऑनलाईन माध्यम से जुडकर उपस्थित सभी लोगों का मार्गदर्शन किया। आनंद भोई संयुक्त निदेशक राजभाषा इस्पात मंत्रालय भारत सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर राजभाषा विभाग इस्पात मंत्रालय भारत सरकार के सहायक निदेशक राजभाषा श्री चंद्रेश मीना एवं वरिष्ठ अनुवादक अधिकारी सौरभ आर्य भी उपस्थित थे। आर.यू.सिंह अभिकर्ता समूह-एक मॉयल लिमिटेड बालाघाट खान द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। मॉयल भारती पत्रिका के 12वें अंक का विमोचन इस्पात मंत्रालय से उपस्थिति संयुक्त निदेशक राजभाषा वरिष्ठ अधिकारियों एवं समूह अभिकर्ता खान प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी के कमकमलों से किया गया। संगोष्ठी के दौरान सौरभ आर्य इस्पात मंत्रालय द्वारा सरकार कामकाज में ई-टूल्स की भूमिका पर व्याख्यान एवं अनिल त्रिपाठी उपनिदेशक राजभाषा आयकर विभाग नागपुर द्वारा राजभाषा में हमारी भूमिका में व्याख्यान दिया गया। अपने सम्बोधन में आनंद भोई संयुक्त निदेशक राजभाषा ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियों से राजभाषा प्रयोग को बल मिलेगा एवं कार्यान्वयन के लिये नये विचारों का उद्गम होगा। निदेशक मानव संसाधन ने ऑन लाईन जुड़कर अपने सम्बोधन में सभी को नियमित रूप से गृह मंत्रालय द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पूर्णत: पालन करने कहा। अपने सम्बोधन में सभी के साथ साझा किया कि मॉयल लिमिटेड में नियमित रूप से राजभाषा विभाग द्वारा सभी गतिविधियां का आयोजन किया गया जा रहा है। इस वर्ष राजभाषा विभाग द्वारा कुल 48 गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसकी उन्होंने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कुल 65 लोगों की गरिमामय उपस्थिति थीं।

# पेयजल की समुचित व्यवस्थाओं के लिए एसडीएम त्वरित रूप से करेंगे समीक्षा

बालाघाट(जनपक्ष/17मार्च)समयावधि पत्रों की समीक्षा



बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने एमपीआरडीसी की सड़कों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस सम्बंध में निर्देश ये है कि बारिश से पूर्व हर हाल में मरम्मत योग्य सड़के पूर्ण हो जाये। इसके अलावा कलेक्टर श्री मीना ने ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि अभी से समीक्षा कर लेंवे। साथ ही कुछ आवश्यक सामग्री की आवश्यकता है तो पीएचई विभाग को मांग बताएं। बैठक के दौरान उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को भी कहा है। साथ ही सभी एसडीएम को किसानों के सत्यापन के भी निर्देश दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, एसडीएम गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर केसी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर एमआर कोल, राहुल नायक व सभी विभागों के प्रमुख तथा अनुभागों के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से जुड़ा।

**कटंगी-बोनकट्टा मार्ग का इसी सप्ताह रिन्युअल होंगा शुरू**

एमपीआरडीसी विभाग अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि प्रस्ताव बनाकर भेजे। अगली टीएल बैठक में पुन:समीक्षा कई जाएगी। विभाग के सहायक प्रबंधक श्री बेले ने बताया कि 78 किमी. का कटंगी-बोनकट्टा मार्ग का अनुबंद किया जा चुका है। इस मार्ग का बीटी रिन्युअल कार्य इसी सप्ताह प्रारम्भ करना सम्भावित है। इसके अलावा बालाघाट-बैहर मार्ग पर 25 में से 14 किमी.का बीटी रिन्युअल का कार्य हो चुका है। शेष बैहर-मुक्की-गढ़ी व गढ़ी से छिल्पी मार्ग और सालेटेकरी से बैहर मार्ग का भी रिन्युअल कार्य प्रारम्भ होना है। कलेक्टर श्री मीना ने बारिस से पूर्व सभी मार्ग का कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी है।

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की कार्य योजना मांगी**

कलेक्टर श्री मीना ने टीएल बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु के पेयजल की कार्य योजना मांगी है। साथ ही नगरीय निकायों को वार्डो में पेयजल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस सम्बंध में सभी एसडीएम को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति के सम्बंध में समीक्षा करने को कहा है। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिये है कि अचानक कही आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्यवाही व व्यवस्थाएं जुटाने में विभाग तैयार रहें। उन्होंने चंगोटोला में जल निगम अंतर्गत संचालित योजना में स्थायी रूप से केपीसीटर्स लगाकर वोल्टेज की समस्या दूर करने के निर्देश दिए है। जबकि एमपीईबी को फीडर सेपरेशन के कार्य मे प्रगति कर 15 दिनों में समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है।

**गेंहू उपार्जन में 1683 किसानों का हुआ पंजीयन, 31 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन**

कलेक्टर श्री मीना ने टीएल बैठक के प्रारम्भ में ही गेंहू उपार्जन के सम्बंध में समीक्षा की। खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि 1683 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसमें 808 किसान गेंहू के है। पंजीयन कम होने पर कलेक्टर श्री मीना ने कृषि विभाग से गेहूं व धान के गत वर्ष एवं इस वर्ष के सम्बंध में जाना। डीडीए श्री खोब्रागड़े ने बताया कि गत वर्ष 63 हजार हेक्टेयर रकबे में गेहूं बोया गया था। जबकि इस वर्ष 33 हजार रकबे में। वहीं धान का रकबा इस वर्ष 46600 हेक्टेयर में है। जो गत वर्ष से अधिक है। जिले में 25 केंद्रों पर गेंहू उपार्जन किया जावेगा। कलेक्टर श्री मीना ने सभी एसडीएम को किसानों का सत्यापन करने के निर्देश दिए है। जबकि उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए जीएमसीसीबी और नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देश दिए है।

**हितग्राहीमूलक योजनाएं संचालित विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश**

कलेक्टर श्री मीना ने टीएल बैठक में हितग्राहीमूलक योजना क्रियान्वयन करने वाले विभागों को शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का लक्ष्य दिया है। इसमें मत्स्य, व्यापार व उद्योग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, श्रम, जनजाति कार्य, पशुपालन,कृषि व एनआरएलएम को निर्देशित किया है। इसके अलावा उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों की रैंक 30 ऊपर है। उन सभी को नोटिस जारी किए जाएंगे।

**टीएल में इन बिन्दुओ पर भी हुई समीक्षा**

टीएल बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री, आधार लिंकिंग,राजस्व वसूली के अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना, इंटर्नशिप योजना, हर घर सूर्य योजना, सिटीजन चार्टर आदि बिंदुओं पर भी जानकारी ली।

## टैक्स जमा करने करदाताओं के पास कुछ दिन शेष

**जबलपुर, 17 मार्च (जनपक्ष)।** शहर के करदाताओं के पास बकाया करों की राशि 31 मार्च तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 14 दिन शेष बचा है। 14 दिन के उपरांत यानी 1 अप्रैल 2024 से समस्त बकाया करों की राशि दो गुना कर करदाताओं से करों की वसूली की जायेगी। अभी निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि 31 मार्च तक समस्त बकाया करों की राशि जमा कर अधिभार के साथ-साथ अप्रिय कार्यवाही से बचें। आज वसूली के संबंध में उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि 27 हजार 3 सौ 72 सनहाल करदाता है जिनसे लगभग 9 करोड़ रूपये की राशि वसूल की जाना है। उन्होंने बताया कि करदाताओं द्वारा 31 मार्च तक राशि जमा नहीं की जाती है तो शासन के संशोधित नियमों के तहत् 1 अप्रैल से राशि को दो गुना कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन बकयादारों को होली के पहले 3 दिन का नोटिस जारी किया गया था उनकी चल सम्पत्ति जैसे स्कूटर, मोटर साइकिल, कार, जीप आदि जप्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार विभाग के माध्यम से शहर में स्वाभिमान के साथ व्यापार करने नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएं और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें।

## स्वच्छ सर्वेक्षण कार्य की निगमायुक्त ने की समीक्षा

**जबलपुर, 17 मार्च (जनपक्ष)।** नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत् शहर में कार्य कराये जा रहे हैं तथा सर्वेक्षण अभियान में लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने आज भँवरताल स्थित संस्कृति थियेटर में सर्वेक्षण के अंतिम चरण में होने वाले सभी तैयारियों एवं कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली कि फील्ड में क्या काम और होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए के बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक निगमायुक्त ने चर्चा की और चर्चा उपरांत आवश्यकत तैयारियॉं करने निर्देश दिये गए। निगमायुक्त ने सर्वेक्षण 2024 के लिए जो भी पैरामीटर निर्धारित किये गए हैं, उसकी तैयारियों के संबंध में भी एक-एक अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली और सभी को इस सर्वेक्षण के अंतिम दौर में समर्पण के साथ शहरहित के लिए कार्य करने आव्हान किया। निगमायुक्त ने यह भी अधिकारियों से कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक समय अपने अपने क्षेत्रों में दें और बड़ी संख्या में लोगों को अभियान से जोड़ने की दिशा में पहल करें। जिससे की जबलपुर नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 में अच्छी रैंकिंग प्राप्त हो सके। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे, शैलेन्द्र मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, समस्त सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता टीम आदि उपस्थित रहे।

## सकारात्मक फीडबैक से जबलपुर बनेगा नम्बर वन : निगमायुक्त

**जबलपुर, 17 मार्च (जनपक्ष)।** स्वच्छता में जबलपुर इस बार प्रथम पायदान पर पहुँचने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रयासों के अंतर्गत स्वच्छता टीम के सदस्यों द्वारा शहरभर में घर-घर दस्तक देकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप शहर भर में स्वच्छता के कार्यो को भी जमीनी धरातल पर कराया जा रहा है। इस वर्ष जबलपुर स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने को टारगेट करते हुए जमीनी धरातल पर कार्य कर रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण का दल कभी भी शहर में आ सकता है, लेकिन इसके लिए सिटीजन फीडबैक भी बेहद जरूरी है। मंत्रालय ने फीडबैक देने के लिए क्यूआर कोड जारी कर दिया है। शहर में इन दिनों इसको लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। एनजीओ के कर्मचारी आमजन को फीडबैक देने के लिए जागरूक कर रहे हैं। वे लिंक और क्यूआर कोड भी दे रहे हैं। इस फीडबैक के लिए मोबाइल पर एक ओटीपी भी आता है। इस कारण आमजन इस प्रक्रिया में हिस्सा लेने से बच रहे हैं। कई लोग इसे ठगी का जरिया मानकर फीडबैक देने से बचते हैं, लेकिन शहरहित के लिए सिटीजन फीडबैक बेहद अहम है। शहरवासी सरकारी विभागों के ऑफिशियल पेज से जुड़कर क्यूआर कोड स्कैन कर भी फीडबैक दे सकते हैं। फीडबैक देने में भी जबलपुर का बाकी शहरों से मुकाबला होगा।निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि शहरवासी अपना नंबर दर्ज कर फीडबैक दे सकते हैं। इसके लिए फीडबैक देने से पहले एक ओटीपी मोबाइल पर आएगा पूरा फीडबैक सबमिट होने के बाद ही ओटीपी सबमिट करना है। फीडबैक के सवालों का जवाब विकल्प के रूप में मौजूद रहता है।

## जमीन की बाकी रकम मांगने पर बदमाश ने किसान को पिस्टल दिखाकर धमकाया

**भोपाल, 17 मार्च (जनपक्ष)।** खजूरी सड़क थाना इलाके में ग्राम बरखेड़ा सालम में बेची हुई जमीन की बाकी रकम मांगने पर एक बदमाश ने किसान को पिस्टल दिखाते हुए उसे धमकाया। इसके बाद डर कर किसान वहां से वापस चला गया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कार में बैठे बदमाश को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी तो उसकी कमर में पिस्टल फंसी मिली। पुलिस के अनुसार बरखेड़ा सालम में अहिरवार परिवार ने कृषि योग्य जमीन बेची थी। यह जमीन किसी अल्तमश नामक व्यक्ति को बेची गई थी। जमीन की कुछ रकम लेना बाकी है, हालांकि जमीन पर मालिकाना हक अल्तमश ने ले लिया है। अल्तमश और अरिहवार के बीच पैसों की बात को लेकर कहासुनी चल रही थी। शनिवार शाम अल्तमश अपने साथी फारुख उर्फ मूसा पिता शहजाद (34) निवासी चिकलौद रोड जहांगीराबाद को लेकर खेत पर पहुंचा। उसी समय अहिरवार वहॉ आया और अपनी बकाया रकम देने का तकाजा करने लगा। इसी बीच कार में बैठे फारुख ने पिस्टल निकाली और अहिरवार को धमकाने लगा। उस समय अहिरवार वहां से चला गया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जॉच कर रही है।

# एम्स भोपाल की डॉ. ऋषिका ए को सर्जिकल देखभाल में एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप पर शोध के लिए आईसीएमआर पीजी थीसिस अनुदान प्राप्त

**भोपाल, 17 मार्च (जनपक्ष)।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह संस्थान में शैक्षणिक श्रेष्ठता और ज्ञान के आदान-प्रदान को एक प्रेरक परंपरा के रूप में विकसित कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा से संकाय सदस्य और छात्र निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। हाल ही में, एम्स भोपाल के फार्माकोलॉजी विभाग की तृतीय वर्ष की स्नातकोत्तर (एमडी) छात्रा, डॉ. ऋषिका ए. को आईसीएमआर पीजी थीसिस ग्रांट से सम्मानित किया गया है। यह अनुदान उनके शोध अध्ययन सर्जिकल एंटीमाइक्रोबियल प्रोफाइलैक्सिस (स्क्क) का मूल्यांकन और स्वच्छ एवं अर्ध-स्वच्छ सर्जरी से गुजरने वाले रोगियों में एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप हस्तक्षेप के कार्यान्वयन का प्रभाव पर आधारित है।



इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने डॉ. ऋषिका ए. को बधाई दी और उनके शोध की सराहना करते हुए कहा- डॉ. ऋषिका का अध्ययन एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है। अनुसंधान-आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (रूक्र) को संबोधित करना स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा में सुधार के लिए अत्यंत आवश्यक है। आईसीएमआर द्वारा यह मान्यता वैज्ञानिक अनुसंधान की नीति निर्माण और नैदानिक अभ्यासों को दिशा देने में महत्त्व को दर्शाती है।

यह शोध डॉ. बालकृष्ण एस., प्रोफेसर, फार्माकोलॉजी विभाग, एम्स भोपाल एवं डॉ. शिल्पा एन. काओरे, प्रोफेसर, फार्माकोलॉजी विभाग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अध्ययन का उद्देश्य सर्जिकल प्रक्रियाओं में एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के उपयोग को अनुकूलित करना, सर्जिकल साइट संक्रमण (स्स्ढ्ढ्व) को कम करना और एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (रूक्र) से लड़ना है। यह अध्ययन प्रशिक्षण एवं शिक्षा, संभावित ऑडिटिंग और स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच फोकस ग्रुप चर्चा जैसी हस्तक्षेप रणनीतियों पर केंद्रित है, जिससे राष्ट्रीय (आईसीएमआर) और वैश्विक एंटीमाइक्रोबियल दिशानिर्देशों के अनुपालन को बढ़ावा दिया जा सके।

इस शोध में डॉ. अजय शुक्ला (एसोसिएट प्रोफेसर, फार्माकोलॉजी विभाग), डॉ. शुभम अटल (एसोसिएट प्रोफेसर, फार्माकोलॉजी विभाग) और डॉ. स्वागत ब्रह्मचारी (प्रोफेसर, जनरल सर्जरी विभाग) सह-मार्गदर्शक के रूप में योगदान दे रहे हैं। उनके मूल्यवान मार्गदर्शन ने इस शोध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह शोध अनुचित एंटीमाइक्रोबियल उपयोग, लंबे समय तक दवा के उपयोग और सर्जिकल प्रोफाइलैक्सिस में गलत दवा चयन जैसी प्रमुख चुनौतियों को संबोधित करता है। डॉ. ऋषिका का कार्य एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने की संभावना रखता है, जिससे दिशानिर्देशों के अनुपालन की बाधाओं को दूर किया जा सकेगा, टिकाऊ प्रिस्क्राइबिंग प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा और सर्जिकल वार्ड में रोगी सुरक्षा और उपचार परिणामों में सुधार होगा। आईसीएमआर पीजी थीसिस ग्रांट प्राप्त होना एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप में प्रमाण-आधारित हस्तक्षेपों के महत्व को रेखांकित करता है और एम्स भोपाल की शोध उत्कृष्टता और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। इस अध्ययन के परिणाम नीतिगत सिफारिशों और नैदानिक अभ्यासों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की उम्मीद है, जिससे एंटीमाइक्रोबियल उपयोग में सुधार होगा और मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सीय परिणाम प्राप्त होंगे।

## निगम ने 04 बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की



**भोपाल, 17 मार्च (जनपक्ष)।** नगर निगम द्वारा संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित राजस्व की अन्य मदों में करों/शुल्कों की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है साथ ही करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 स्थित नेहरू नगर में मकान नंबर एस-103, एस-102, सी-136 तथा एस-205 के बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए संपत्तियां कुर्क की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा प्रभावी वसूली एवं बकायादारों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 के अमले ने नेहरू नगर स्थित मकान नंबर एस-103 के भवन स्वामी रामाधार पर बकाया राशि रु080,051/-, एस-102 के भवन स्वामी जगदीश प्रसाद पर बकाया राशि रु066,221/-, सी-136 के भवन स्वामी लक्ष्मीदास डीगरा पर बकाया राशि रु084,694/- तथा एस-205 के भवन स्वामी लाल पर संपत्तिकर/जल उपभोक्ता प्रभार एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार की बकाया राशि बकाया राशि रु083,567/- का भुगतान भवन स्वामियों द्वारा नहीं किये जाने पर उक्त बकायादारों की संपत्तियां कुर्क करने की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही जोन क्रमांक 08 की जोनल अधिकारी सुश्री नूतन खरे के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 29 के वार्ड प्रभारी व अन्य अमले द्वारा की गई।

## युवाओं के भविष्य को संवारने वाला बजट, मुख्यमंत्री का आभार : डॉ अभिलाष पांडे

**भोपाल, 17 मार्च (जनपक्ष)।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे 17 मार्च को विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का विगत सप्ताह पेश हुए मध्यप्रदेश सरकार के 4 लाख 21 हजार करोड़ के सर्वजन कल्याणकारी और विकसित मध्यप्रदेश को समर्पित बजट धन्यवाद एवं आभार करने पहुंचे।इस दौरान डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि ये 4लाख 21 हजार करोड़ का बजट जो मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी के द्वारा प्रस्तुत किया गया है ये विकासोन्मुखी एवं कल्याणकारी बजट है।इस सर्वजन कल्याणकारी और विकसित मध्यप्रदेश को समर्पित बजट हेतु मुख्यमंत्री जी का विशेष आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूं।






## माता कर्मा जयंती शोभा यात्रा की तैयारी बैठक सम्पन्न

**जबलपुर, 17 मार्च (जनपक्ष)।** साहू समाज जबलपुर द्वारा माता कर्मा जी की 1009वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा की तैयारी बैठक दिनांक 16 मार्च 2025 को साहू धर्मशाला, गढ़ा फाटक, जबलपुर में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री रविकरण साहू जी सहित वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के सभी बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर इसे भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

## समरसता सेवा संगठन के संग संस्कारधानी में समरसता की होली कल

जबलपुर। समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में जबलपुर में समरसता होली महोत्सव का भव्य आयोजन रंगपंचमी पर बुधवार 19 मार्च को होने जा रहा है, इस भव्य आयोजन की तैयारियो और व्यवस्थाओं को लेकर जानकीरमण महाविद्यालय आगा चौक में बैठक आयोजित की गई।बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही व्यवस्था सौंपी गई। जिसमे समरंग शोभायात्रा, यात्रा मार्ग, स्वागत मंच, कार्यक्रम स्थल परिसर, पार्किंग, यातायात, व्यापक प्रचार प्रसार और लोगो को आमंत्रित करने हेतु चर्चा हुई।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा लगातार दूसरा वर्ष है जब समरसता सेवा संगठन द्वारा समरसता के पर्व होली पर संस्कारधानी में समरसता की होली का आयोजन रंगपंचमी के अवसर पर किया जा रहा है, पूज्य संतो के सानिध्य, सर्व समाज की सहभागिता और संस्कारधानी के जनमानस की उपस्थिति में यह आयोजन भव्य और गरिमामय हो इसकी जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक है इसीलिए जिस सदस्य को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी निष्ठा से पूरा करे।श्री जैन ने बताया संस्कारधानी में समरसता की होली के आयोजन में बुधवार 19 मार्च को रंगपंचमी पर दोपहर 2:30 बजे श्रीराम जानकी मंदिर, छोटा फुहारा से विराट समरंग यात्रा निकाली जाएगी जो मिलौनीगंज चौक, सुभाष टाकीज, कोतवाली, कमानिया, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर बाजार, मालवीय चौक, होते हुए डी.एन. जैन कॉलेज मैदान पहुंचेगी। यात्रा में पूज्य संतो की पावन उपस्थिति के साथ विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी।

शोभायात्रा के समापन के बाद डी.एन. जैन कॉलेज मैदान में समरसता की होली का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न समाजों द्वारा लगाए स्टॉल में पारंपरिक व्यंजनों के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है इस आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं समरस जायका आकर्षण का केंद्र होगा।

## संदिग्ध हालत में आग से झुलसी वृद्धा की मौत

**भोपाल, 17 मार्च (जनपक्ष)।** शहर के निशातपुरा थाना इलाके संदिग्ध परिस्थितियों में आग में झुलसी वृद्धा की मौत हो गई है। बताया गया है कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं रहती थी। पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपते हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली अफसर जहां पति शाकिर (60) को 16 मार्च की सुबह करीब 10 बजे परिवार वाले आग की चपेट में आने के कारण इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस को परिवार वालो ने बताया कि अफसर जहां की मानसिक हालत ठीक नहीं रहती थी।

## 31 मार्च तक होंगे गेहूं उत्पादक कृषकों के पंजीयन

**चौरई, 17 मार्च (जनपक्ष)।** मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाती है जिसका इस वर्ष समर्थन मूल्य 2600 रुपए बोनस सहित निर्धारित किया गया है । क्षेत्र के संबंधित किसानों को जिला प्रशासन के माध्यम से सूचना दी जाकर 31 मार्च तक पंजीयन किए जाएंगे जिसके संबंध में बहुद्देशीय मर्यादित सेवा सहकारिता समिति चौरई के प्रबंधक संतोष रघुवंशी ने बताया कि किसानों को असुविधा से बचने के लिए शासन द्वारा पूर्व में पंजीयन कराया जा रहा है । जिसकी की अंतिम तिथि 31 मार्च किसान समय से पूर्व अपने संबंधित दस्तावेज पहुंचकर समिति कार्यालय मैं उपस्थित होकर अपना पंजीयन कर ले ताकि शासन के द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधा एवं आय बढ़ाने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके । साथी बताया है कि राजस्व कार्यालय में आयोजित बैठक में भी आज तहसीलदार प्रीति पटेल के द्वारा भी सभी समिति प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र के कृषकों को सूचना जारी कर अधिक से अधिक पंजीयन करने के लिए प्रोत्साहित करने व किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने के साथ किसानों को समिति से संबंधित योजनाओं से जोड़ने के लिए निर्देशित किया गया । इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी उमेश पाटिल खाद्य आपूर्ति अधिकारी रवि मकासी सहित सेवा सहकारिता समिति के समस्त प्रबंधक उपस्थित रहे ।



## शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन हुआ




**जबलपुर, 17 मार्च (जनपक्ष)।** राग मंत्र संगीत समारोह के अंतर्गत दिनांक 16 मार्च 2025 को शहीद स्मारक सभागृह में शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनिल मोघे, प्राचार्य भातखंडे संगीत महाविद्यालय, जबलपुर रहे। यह कार्यक्रम आई।टी।सी। संगीत रिसर्च अकादमी, कलकत्ता और आर्ट हब जो संगीत कला के क्षेत्र के लिये समर्पित संस्था है, दोनो के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति में कलकत्ता से पधारे स्वर्नेंदु मंडल ने अपने सरोद वादन का आरंभ किया। वादन का आरंभ आपने राग मालगुंजी से किया। आपने इसमें आलाप, जोड़ ,झाला के साथ तीन ताल में बड़ी एवं छोटी गत व झाला प्रस्तुत किया। आपने अपने कार्यक्रम का समापन राग तिलक कामोद में एक गत प्रस्तुत कर किया। आपके साथ तबले पर सुमधुर व सराहनीय संगत भोपाल से पधारे श्री रामेंद्र सोलंकी ने की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कलकत्ता से ही पधारे श्री ब्रजेश्वर मुखर्जी के शास्त्रीय गायन से हुआ। आपने अपने कार्यक्रम का आरंभ राग मारुबिहाग में बडे ख्याल के पश्चात तीन ताल में छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन आपने एक ठुमरी गायन के साथ किया। आपके साथ तबले पर श्री रामेंद्र सोलंकी एवं सारंगी पर सरवर हुसैन ने बहुत ही मधुर, कुशलता से व प्रशंसनीय संगत की। मंच का कुशल संचालन श्री मधु नागराज द्वारा किया गया। विशेष सहयोग प्रकाश शिंदे, प्रशांत पाठक, संजय सोनी, आलोक सप्रे द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन में संयोजक प्रोफेसर अखिलेश सप्रे ने सभी के प्रति आभार प्रस्तुत किया।

## शिवाजी जयंती पर महाराष्ट्र समाज जबलपुर द्वारा पूजन अर्चन



**जबलपुर, 17 मार्च (जनपक्ष)।** उत्तर से दक्षिण तक सभी भाषा धर्म जात को जोड़ने का कार्य शिवाजी महाराज ने किया। आज भी वैज्ञानिक सामाजिक आर्थिक दृष्टिकोण से शिवाजी की नीतियां प्रासंगिक है। एकसूत्र में बंधकर ही हम राष्ट्रीय एकता और अखंडता में बाधक शक्तियो का नाश कर सकते हैं। वर्तमान भारत को उन्नत बनाने शिवाजी महाराज के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म भारतीय काल गणना के अनुसार फ़ाल्गुन कृष्ण पक्ष की तृतीया को महाराष्ट्र के शिवनेरी गढ़ पर हुआ था।शहाजी राजे एवं माता जिजाबाई के इस पुत्र ने हिन्दू धर्म का संरक्षण कर हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना की ।उक्त उद्गार पुर्व महापौर डॉ स्वाति गोडबोले, मनीष शाह, रवि फडनवीस सदानंद गोडबोले ने व्यक्त किए। हिंदवी स्वराज्य चे संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की वैदिक तिथि अनुसार जयंती के अवसर पर अभिषेक, पूजन ,माल्यार्पण शिवाजी प्रतिमा स्थल-छत्रपति शिवाजी चौक, मदन महल स्टेशन के पास रवि फडनवीस, सदानंद गोडबोले, राजेन्द्र बर्बे, तरूण सोनोने, इंद्रनील दंवडे, राजेश तोपखाने वाले, मनोज चौधरी, निखिल देशकर, राजेश ताम्हणकर, संतोष गोडबोले, पं नीलेश दाभोलकर, पं स्वापनिल गरे, जयेश टकलकर, राजू कोतवाल, विलास ताम्हनकर, विनायक दाभोलकर, भास्कर वर्तक, मनोज कुशवाह, प्रकाश पवार, पूर्व महापौर डॉ स्वाति गोडबोले , मंजू देशमुख, छाया दवंडे, किशोर उगाडे, मनीष शाह, विध्येश भापकर, देवेन्द्र परोडे, मनीष यादव सहित महाराष्ट्र समाज एवं सर्व मराठी भाषी संस्था, जबलपुर ने किया ।

## पानी को लेकर दो परिवारों में भिड़ंत, कई घायल

**भोपाल, 17 मार्च (जनपक्ष)।** पुराने शहर के मंगलवारा थाना इलाके के छावनी क्षेत्र में रविवार रात बाथरूम के पानी को लेकर दो परिवारों के बीच कहासूनी से शुरु हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट और हथियारों के इस्तेमाल तक पहुंच गई। झगड़े में चार लोग घायल हुए है, जिन्हें इलाज के लिए हमीदिया हॉस्पिटल पहुंचाया गया था। बताया गया है कि रात करीब 9:30 बजे पानी निकलने को लेकर पहले महिलाओं के बीच बहसबाजी हुई। महिलाओ के बीच झगड़ा होने पर दोनों पक्षों के पुरुष भी बीच में आ गए। देखते ही देखते मारपीट होने लगी इस दौरान दोनो और से हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया।

# बूंदाबांदी के बाद मौसम ने ली अंगड़ाई

जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।

**एक बार फिर पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव से मौसम करवट ले रहा है। सोमवार की सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद सोमवार को दिन के तापमान में आंशिक गिरावट आई, जबकि रात के तापमान में वृद्धि देखी गई। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोप के असर से अगले 5 दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।**



## पश्चिमी विक्षोप के असर से बदल रहा मौसम



फिलहाल बादलों की आवाजाही के बीच अगले 4-5 दिन तक बारिश, बादल के आसार बन रहे है। जबलपुर सहित संभाग के जिलों में मौसम कुछ इसी तरह रहेगा।

स्थानीय मौसम वैज्ञानिक केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार नए पश्चिमी विक्षोप के असर से पूर्वी मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले 4 दिनों तक मौसम में व्यापक बदलाव देखने मिलेगा। इधर कल शाम से हल्की हवाओं के साथ आसमान पर छाए बादलों ने सुबह कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी की।

स्थानीय मौसम वेधशाला से मिली जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोप के साथ चल रहीं उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण पूर्वी मध्यप्रदेश के अधिकांश इलाकों में 22 मार्च तक मौसम में बदलाव आ सकता है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ गरज-चमक, बूंदाबांदी या कहीं-कही तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.09 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 19.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 48 प्रतिशत और सायंकाल 31 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी पश्चिमी हवाओं की रफ्तार 4 से 5 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 06.15 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 06.20 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 38.05 मंडला और सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.08 डिग्री शाजापुर जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 33.01 और न्यूनतम तापमान 19.06 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान जिले मे मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता आज 18 मार्च से तरंग प्रेक्षागृह में प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता प्रातः 11 बजे तरंग प्रेक्षागृह करेंगे। प्रतियोगिता में मंचीय व नुक्कड़ नाटक और एकल व समूह नृत्य की स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के अतिरिक्त इंदौर, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीमें भाग ले रहीं हैं। अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाली केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर टीम की घोषणा कर दी गई है।

## कसौंधन वैश्य समाज का होली मिलन कार्यक्रम कल

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** श्री कसौंधन वैश्य समाज, जबलपुर का होली मिलन कार्यक्रम 19 मार्च बुधवार को दोपहर 2 बजे से शाम । बजे तक वैश्य धर्मशाला जगदंबा कालोनी में आयोजित किया गया है। आयोजक कसौंधन वैश्य समाज के अध्यक्ष अतुल गुप्ता, महामंत्री रोशन लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, मंत्री गीतेश गुप्ता, उपाध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, आशीष गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, राजू गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

## दो से अधिक संतान पर बर्खास्तगी के आदेश पर रोक

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दो से अधिक संतान होने के आधार पर सेवा से बर्खास्तगी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। इसी के साथ आयुक्त लोक शिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी मैहर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया। याचिकाकर्ता रीवा निवासी नसीर खान की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता मैहर में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च 2000 को जारी परिपत्र के आधार पर याचिकाकर्ता को छह मार्च, 2025 को सेवामुक्त कर दिया गया। इस परिपत्र में लिखा है कि कोई भी उम्मीदवार जिसके दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 या उसके बाद हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

## सड़क दुर्घटना में पति पत्नी घायल

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** गोराबाजार थाना अतंर्गत मिल्ट्री डेयरी के सामने बिलहरी रोड पर एक बाईक ने दूसरे बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार पति पत्नी बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविशंकर नामदेव अपनी पत्नी छाया नामदेव के साथ बाईक से तिलहरी रिश्तेदारी में गए थे। तिलहरी से बाईक से घर लौटते समय रात 9.10 बजे मिल्ट्री डेयरी के सामने बिलहरी रोड पर पहुंचे उसी समय पीछे से आ रही एक बाईक क्रमांक एमपी 20 एनआर 6653 के चालक ने उनकी बाईक में पीछे से टक्कर मार दी।

# 3 दिन बाद मिला घुघराघाट में डूबे डॉक्टर का शव

## होली खेलने के बाद नहाने गया था मेडीकल छात्रों का दल

जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।

**भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के घुघरा घाट में होली के दिन नर्मदा नदी में डूबे डॉक्टर का शव सोमवार सुबह लम्हेटाघाट में मिला । पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।**



गौरतलब है कि विगत दिनों मेडिकल कॉलेज के छात्रों का एक दल होली के अवसर पर नर्मदा नदी के घुघरा घाट में नहाने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान, डॉ. निखिल दांगी, जो मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं और हॉस्टल में रहते हैं, अचानक नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गये। उनके साथ नहाने पहुंचे डॉ. शुभ्रा, डॉ. प्रियंका और डॉ. मोहित ने निखिल को बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन नदी के बहाव के कारण वे कुछ कर नहीं पाए। कुछ ही सेकंड में निखिल का पता नहीं चला और वह लापता हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया था। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने नदी में लगातार तलाश की, लेकिन तीन दिन तक कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को, आखिरकार लम्हेटाघाट के पास निखिल का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद, मेडिकल कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. निखिल के साथी और शिक्षकों ने इसे एक गहरी क्षति के रूप में देखा है। निखिल के परिवार और दोस्तों को इस दुखद घटना से संभलने में समय लगेगा। क्षेत्रीय जनों का कहना है कि इस तरह के हादसों से बचने के लिए स्थानीय प्रशासन को नदी किनारे सुरक्षा उपायों को सख्त करने की आवश्यकता है।

# रंगदारी वसूलने बाईक में तोड़फोड़, चाकू चले, 2 घायल



जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।

**रांझी और गोरखपुर थाना अतंर्गत शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू व डंडे से मारपीट कर बाईक में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी।**

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर झंडा चौक वंशकार मोहल्ल्ला रांझी निवासी 20 वर्षीय सौरभ अहिरवार गत शाम करीब । बजे अपने दोस्त रोहित तिवारी को नूडल्स देने के लिए वंशकार मोहल्ला गया था जहॉ वंशकार मोहल्ला निवासी राजा वंशकार, शिवा वंशाकर, टार्जन वंशकार, झल्लू वंशकार उससे शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट कर चोटे पहुंचा दी। इसके बाद सौरभ काम करने होटल चला गया तो चारो लोग उसे ढूंढते हुये उसके घर पहुंचे और उसके न मिलने घर के सामने खडी प्लेटीना मोटर सायकिल क्र. एमपी 20 एनई 1542 में लाठी डण्डे मारकर तोड़फोड़ कर दी। उसके बाद बदमाशों ने रात 8 बजे बरा के झाड़ के पास सौरभ के भाई आटो चालक शुभम को रास्ते में रोका और गालीगलौज करते हुए मारपीट कर राजा ने डंडे से सिर व हाथ पर हमला कर घायल कर दिया। चारों आरोपियों ने पुलिस में रिपोर्ट में करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा-296, 126 (2), 115(2), 119(1), 351(2), 324(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। इसी तरह गोरखपुर बर्न कंपनी कांचघर निवासी 45 वर्षीय रेलवे आफिसर क्लब के मैनेजर गगनदीप मिश्रा गत दिवस अपनी होंडा एक्टिवा क्रमांक एम पी 20 एस एन 9966 से अपनी ससुराल नयी बस्ती गौरीघाट अपनी पत्नी को उसके घर छोड़ने गया था। पत्नी को घर छोड़ने के पश्चात वहीं पास में एक मित्र सोनू अहिरवार के बच्चे की जन्म दिवस पार्टी अटेंड किया इसके बाद अपनी एक्टीवा से वापस कांचघर लौट रहा था। रास्ते में जॉनसन स्कूल के सामने नर्मदा रोड पर करीब 10.45 बजे अचानक दो से तीन अज्ञात लड़के कटंगा की तरफ से मोटर सायकल पर आये और उसे रोक कर अकारण ही कालर पकड़ कर झूमाझपटी करने लगे, जिससे उसकी एक्टीवा सड़क पर गिर गयी। सभी गालीगलोज करते हुये उससे शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर चोटें पहुंचा दी और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये बंदरिया तिराहा की तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता आज 18 मार्च से प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता प्रातः 11 बजे तरंग प्रेक्षागृह में करेंगे। महिला खेल प्रतियोगिता में पांच खेल स्पर्धाओं शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम, बैडमिंटन व टेनीकॉइट का आयोजन होगा। सभी स्पर्धाएं रामपुर परिसर स्थि?त मशाल परिसर व ज्योति क्लब में खेली जाएंगी। प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के अतिरिक्त भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीमें भाग ले रही हैं। महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित होने वाली पांचों स्पर्धाओं में प्रत्येक टीम के दो-दो ख?लाड़ी भाग लेंगे।

केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता के लिए अपनी दस सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। केन्द्रीय कार्यालय की ओर से सुरभि अग्नि?होत्री व अंजली देशमुख कैरम में, अंजू नीखरे व कविता विश्नोई शतरंज, रजनी धारने व दीक्षा सिंह बैडमिंटन, विद्या झरबड़े व रीति शुक्ला टेबल टेनिस और मनीषा झारिया नीता पटेल टेनीक्काइट में प्रतिनिधित्व करेंगी।

# बैगा की हत्या की न्यायिक जांच की मांग

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।**17 मार्च आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ जबलपुर ने बिछिया के लसरीटोला गांव निवासी हीरन परते की नक्सली बताकर पुलिस द्वारा की गई जघन्य हत्या के विरोध में हत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर आज घंटाघर कंट्रोल रूम के सामने विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जबलपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



प्रदर्शन और ज्ञापन में अवाक्स के देवेश कुमार चौधरी, तेजकुमार भगत, डॉ बी एल झारिया, तरुण रोहितास, एस पी मरावी, शिवनाथ चौधरी आलम, बैजनाथ पटेल,कमलेश धपोड़कर, धर्मेन्द्र कुशवाहा, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार,शुभम चौधरी,मुकेश बरकडे,सोनेलाल उरेती,प्रमेंद्र धुर्वे,सी एस सिरसाठ,जीवन जाटव,एड हरीश सिहोते,दीपक चौधरी,अमित साहू, मुनिराम मरावी,डेनियल इब्राहिम ,एस के प्रधान,राजेश बैगा,प्रकाश नागले,र ाकेश मून,इंद्रसेन मरावी, ब्रजराज चोखे,दिनेश चौधरी,संजय सेन, दिनेश चौधरी,योगेश कोल,मनोज भारती,सत्येंद्र उरेती, विजयपाल सिंह मरावी, उमाचरण झारिया, मूलचंद मोरे ,आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जेल में गांजा सप्लाई कर रहा था फिजियोथैरेपिस्ट

# कैदियों तक नशा पहुंचाने वाला पुलिस हिरासत में

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** जबलपुर सेंट्रल जेल में कथित तौर पर गांजे की सप्लाई करने वालें एक फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। दरअसल जेल के अंदर कैदियों को नशे की सप्लाई की जा रही थी। जिसका असर कैदियों के व्यवहार में साफ तौर से देखा जा रहा था इसके बाद जेल प्रशासन सर्तक हुआ और यह अंदेशा हुआ कि जेल में नशे की सप्लाई करने वाला कोई बाहरी व्यक्ति नहीं अंदर का ही कोई व्यक्ति है। सूत्रों के मुताबिक जेल में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर संजय दाहिया की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई। इसके बाद पुलिस ने अपना जाल बिछाया और जेल के अंदर गांजा सप्लाई करने जा रहे डॉक्टर को रंगे हाथ पकड़ लिया और उसके पास से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी संजय दाहिया अपनी फिजियाथैरेपिस्ट सेवाओं के बहाने कैदियों के संपर्क में आकर और किसी तरह गांजा छुपाकर कैदियों तक पहुंचाता था। कैदियों के उपचार के बहाने वह जेल में घूमता था और किसी को शक भी नहीं होता था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि जेल का अन्य कर्मचारी उससे मिला तो नहीं है। पुलिस पूछताछ में यह पता लगाने की कोशिश कर रही है के जेल के अंदर नशा पहुंचाने के रैकेट में कौन कौन शामिल हैं।

नगर

## जैन सोशल मेन ग्रुप का आयोजन

# राधा कृष्ण की होली थीम पर फागोत्सव

जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।

**दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन के द्वारा राधा कृष्ण की होली थीम पर फागोत्सव का आयोजन नंदीश्वर द्वीप जिनालय, पिसनहारी मढ़िया तीर्थ, जबलपुर में किया गया7 इस अवसर पर अष्टाह्निका पर्व पर अभिषेक एवं पूजन आयोजित किया गया। तत्पश्चात फागोत्सव का रंगारंग आयोजन , तिलवारा पुल के पास एक फॉर्म हाउस में राधा-कृष्ण की होली थीम के साथ किया गया।**



संगीत, नृत्य एवं रंगों का उत्सव में आर्केस्ट्रा के साथ गाने-बजाने, झूमने-झुमाने के अनूठे संगम के साथ रंगों की मस्ती में झूमे ग्रुप के राधा-कृष्ण। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक गेम्स खिलाए गए, जिनमें ग्रुप सदस्यों ने उत्साह से हिस्सा लिया और विजेताओं को स्पॉट गिफ्ट दिए गए। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महासचिव आयोजन के फेडरेशन महासचिव विनय अनीता जैन की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन के अध्यक्ष मुल्कराज बादशा-श्रीमती अंजलि सिंघई, सचिव सचिन-श्रीमती कीर्ति जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप-श्रीमती सीमा जैन के साथ साथ कार्यक्रम संयोजकगण संजय-सारिका सिंघई, देवेश-प्रिया, राशि-नितिन,नवीन मनीषा, निशि-राहुल, प्रियांशी-प्रशांत, मोनिका-कपिल, स्मिता-अरिहंत का सराहनीय योगदान रहा।

## 2 तस्करों के घरों से ढाई लाख की शराब जब्त

**जबलपुर,17 मार्च (जनपक्ष)।** पाटन पुलिस ने कल ग्राम खमदेही में मुखबिर की सूचना पर दो शराब तस्करों के घरों की तलाशी के दौरान 3 हजार 250 पाव देशी मदिरा जब्त की है। जिसकी कीमत 2 लाख 34 हजार रूपए बतायी जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपी तस्करों पर 34 (2) आबकारीएक्ट के तहत कार्यवाही कर उन्हें अभिरक्षा में लेते हुए फरार तीसरे आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि कल उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खमदेही में महेन्द्र ओर बाबा मिलकर अपने घरोंसे बेचने के लिए भारीमात्रा में अवैध शराब रखे हुऐ है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जब खमदेही चौराहा में महेन्द्र के ढाबा के सामने दबिशदी तो महेन्द्र सिंह लोधी, बाबा विश्वकर्मा व चेतनाम सेन खड़े मिले, पुलिस को देखकर महेन्द्र व बाबा मौके से भाग गये लेकिन चेतराम उर्फ गुड्डा सेन पुलिस के हत्थे चढ़ गया पूछताछ के दौरान आरोपी चेतराम सेन ने बताया कि महेन्द्र सिंह, बाबा विश्वकर्मा व उससे घरों में शराब रखवा कर बिकवाता है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक, **समाचार संपादक चेतन अग्रवाल** द्वारा-जनपक्ष प्रिंटिंग एण्ड पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित कराकर 14।। राईट टाऊन जबलपुर से प्रकाशित **संपादक विप्लव अग्रवाल,** (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए उत्तरदायी)
फोन: 0161-4049829, फोन (फैक्स) 0161-4019830 **RNI No-61913/95**, पोस्टल पंजीयन-एल4/न्यूजपेपर/जनपक्ष/02 **e.mail- janpaksh.info@gmail.com** (न्यायालीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)